गैर-गोपनीय

भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड I में प्रकाशनार्थ

फा.सं. 6/23/2025-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
(व्यापार उपचार महानिदेशालय)
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, 5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: जून 2026

अधिसूचना
अंतिम जांच परिणाम
मामला सं.-एडी (ओआई)-20/2025)

विषयः चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "4-(ब्रोमोमेथाइल)-2'-साइनोबिफेनिल", जिसे "ब्रोमो ओटीबीएन" के रूप में भी जाना जाता है, के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच।

विषय-सूची

क्र.सं.	विवरण
	अंतिम जांच परिणाम
क.	**पृष्ठभूमि**
ख.	**प्रक्रिया**
ग.	**विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु**
	ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध
	ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच
घ.	**घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार**
	घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध
	घ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

क्र.सं.	विवरण
ङ.	**गोपनीयता संबंधी मुद्दे**
	ङ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध
	ङ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	ङ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच
च.	**विविधि मुद्दे**
	च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध
	च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच
	सामान्य मूल्य निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन
छ.	**सामान्य मूल्य निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन**
	छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार
	छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच
	छ.3.1 सामान्य मूल्य
	छ.3.2 निर्यात कीमत
	छ.3.3 असहयोगी निर्यातिकों के लिए निर्यात कीमत
	छ.3.4 पाटन मार्जिन का निर्धारण
	क्षति का मूल्यांकन और कारणात्मक संपर्क
ज.	**क्षति के मूल्यांकन की पद्धति और क्षति की जांच तथा कारणात्मक संपर्क**
	ज.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध
	ज.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	ज.3 प्राधिकारी द्वारा जांच
	ज.3.1 पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव
	ज.3.2 पाटित आयातों का कीमत प्रभाव
	ज.3.3 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर प्रभाव
	ज.4 गैर-आरोपण विश्लेषण (अन्य कारक)
	ज.5 क्षति मार्जिन का निर्धारण

क्र.सं.	विवरण
झ.	**कारणात्मक संपर्क की जांच**
ञ.	**भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे**
	ञ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध
	ञ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	ञ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच
ट.	**प्रकटन पश्चात टिप्पणियां**
	ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध
	ट.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध
	ट.3 प्राधिकारी द्वारा जांच
ठ.	**निष्कर्ष**
ड.	**सिफारिश**
ढ.	**आगे की प्रक्रिया**

समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे यहां आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) और समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "पाटनरोधी नियमावली" या "नियमावली" भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. पृष्ठभूमि

1. मैसर्स नियोजेन केमिकल्स लिमिटेड (जिसे इसके बाद "याचिकाकर्ता" या "आवेदक" भी कहा गया है) ने चीन जन.गण. (जिसे आगे "संबद्ध देश" भी कहा गया है) से "4-(ब्रोमोमेथाइल)-2 '-साइनोबिफेनिल", जिसे "ब्रोमो ओटीबीएन" के रूप में भी जाना जाता है (जिसे यहां आगे "संबद्ध सामान" या "विचाराधीन उत्पाद" या "पीयूसी" भी कहा गया है) के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के लिए समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे यहां आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) और समय-समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, मूल्यांकन और उन पर पाटनरोधी शुल्क का संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 (जिसे यहां आगे "पाटनरोधी नियमावली, 1995" या "पाटनरोधी नियमावली" या "नियमावली" भी कहा गया है) के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे यहां आगे "प्राधिकारी" भी कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन-पत्र दायर किया है।

2. जबकि, प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य के आधार पर, चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने और पाटनरोधी शुल्क की राशि, जो यदि लगाई जाए और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार संबद्ध जांच शुरु करते हुए, भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 30 जून 2025 की अधिसूचना सं. 6/23/2025-डीजीटीआर जारी की।

ख. प्रक्रिया

3. संबद्ध जांच के संबंध में प्राधिकारी द्वारा नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

   i. निर्दिष्ट प्राधिकारी को पाटनरोधी नियमावली के तहत, घरेलू उद्योग की ओर से आवेदक से एक लिखित आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के पाटन का आरोप लगाया गया था।

ii. प्राधिकारी ने उपरोक्त नियम 5 के उप-नियम (5) के अनुसार जांच शुरू करने की कार्यवाही से पूर्व पाटनरोधी आवेदन की प्राप्ति के संबंध में भारत में चीन जन.गण के दूतावास को अधिसूचित किया।

iii. प्राधिकारी ने 30 जून 2025 को भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसमें संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू की गई।

iv. प्राधिकारी ने भारत में चीन जन.गण. के दूतावास, चीन जन.गण.के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पते के अनुसार घरेलू उद्योग को जांच की शुरुआत की अधिसूचना की प्रति भेजी और उनसे अनुरोध किया कि वे नियम 6 (4) के अनुसार प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने ज्ञात विचार दें।

v. प्राधिकारी ने चीन जन.गण. में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को संगत सूचना प्राप्त करने के लिए निर्यातक प्रश्नावली भेजी, (जिनका विवरण आवेदक द्वारा उपलब्ध कराया गया था) और उन्हें पाटनरोधी नियमावली के नियम 6 (2) के अनुसार लिखित रूप में अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया।

क) यानचेंग सिटी डोंगगांग
ख) झेजियांग हुआहाई फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड
ग) सिडिक कंपनी लिमिटेड
घ) झेजियांग तियान्यू फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड
ड.) सिनोलाइट इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड
च) जियांग्सू जीटीआईजी हुताई कंपनी लिमिटेड
छ) लूना केमिकल्स कंपनी लिमिटेड

vi. प्राधिकारी ने प्रस्तावित शुल्कों के आर्थिक प्रभाव के संबंध में इनपुट मांगते हुए हितबद्ध पक्षकारों को एक आर्थिक हित प्रश्नावली (जिसे इसके बाद 'ईआईक्यू' कहा गया है) भी जारी की।

vii. संबद्ध जांच की शुरुआत के उत्तर में, संबद्ध देश के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली उत्तर दायर करके उत्तर दिया हैः

क) नांतोंग हुआयू केमिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड

ख) लिनहाई हुआनान केमिकल कंपनी, लिमिटेड
ग) झेजियांग हुआहाई फार्मास्युटिकल कंपनी, लिमिटेड।
घ) झेजियांग तियान्यू फार्मास्युटिकल कं, लिमिटेड
ङ.) यानचेंग सिटी डोंगगैंग फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट कं, लिमिटेड

viii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता एसोसिएशनों (जिनके नाम और पते आवेदक द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को जांच शुरुआत अधिसूचना की एक प्रति भेजी और उन्हें नियमावली के नियम 6 (4) के अनुसार प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने ज्ञात विचार देने की सलाह दी।

क) वसुधा फार्मा केम लिमिटेड
ख) सीटीएक्स लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
ग) सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
घ) केपी मनीष ग्लोबल इंग्रीडिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड
ङ.) लौरस लैब्स लिमिटेड
च) मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड
छ) जेनसिंथ लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड
ज) वर्डेंट लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
झ) ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज लिमिटेड
ञ) कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड
ट) बीएलडी फार्माटेक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
ठ) बी के डी हेल्थ केयर
ड) ग्रेन्यूल्स इंडिया लिमिटेड
ढ) कोनार ऑर्गेनिक्स लिमिटेड
ण) सिनर्जी रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड
त) जुबिलेंट जेनेरिक्स लिमिटेड
थ) माइलन लेबोरेटरीज लिमिटेड

ix. वर्तमान जांच में किसी भी आयातक/प्रयोक्ता ने अपनी प्रश्नावली/कानूनी अनुरोध दायर नहीं किए हैं।

x. चाइना चैंबर ऑफ कॉमर्स फॉर इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट ऑफ मेडिसिन्स एंड हेल्थ प्रोडक्ट्स (सी सी सी एम एच पी आई ई) ने कानूनी अनुरोध किए।

xi. प्राधिकारी ने 30 जून 2025 की जांच शुरुआत अधिसूचना के पैरा 7 द्वारा 30 दिनों के भीतर हितबद्ध पक्षकारों से विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) पद्धति पर टिप्पणियां आमंत्रित की। प्राधिकारी ने 25 अगस्त 2025 के अपने पत्र के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद का अंतिम क्षेत्र और पीसीएन पद्धति अधिसूचित की।

xii. वर्तमान जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि ("पीओआई") जनवरी 2024-दिसंबर 2024 (12 माह) है। क्षति की अवधि में अप्रैल 2021 से मार्च 2022, अप्रैल 2022 से मार्च 2023, अप्रैल 2023 से मार्च 2024 और जांच की अवधि शामिल है।

xiii. आवेदक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों से आवश्यक मानी गई सीमा तक और भी सूचना मांगी गई थी। घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों का सत्यापन जांच के उद्देश्य के लिए आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था।

xiv. क्षतिरहित कीमत (जिसे आगे "एनआईपी" कहा गया है) का निर्धारण भारत में संबद्ध सामानों के लिए नियोजित पूंजी पर उत्पादन लागत और उचित आय के आधार पर, सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध- III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना के आधार पर निर्धारित की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

xv. गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना की जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों

को इसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने का निर्देश दिया गया था।

xvi. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई थी, साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया था कि वे अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोधों के अगोपनीय रूपांतर को ईमेल करें।

xvii. डीजी सिस्टम से अनुरोध किया गया था कि वे पिछले तीन वर्षों और जांच की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयात के लेन-देन-वार विवरण उपलब्ध कराएं जो प्राधिकारी को प्राप्त हो गए थे। प्राधिकारी ने आयात की मात्रा की गणना और लेन-देन की उचित जांच के बाद इसके विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम आंकड़ों पर भरोसा किया है।

xviii. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6 (6) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक रूप से संगत सूचना प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के लिए 3 फरवरी, 2026 को एक मौखिक सुनवाई आयोजित की। मौखिक सुनवाई के समय मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने वाले हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों की लिखित अनुरोध दायर करने के लिए कहा गया था। हितबद्ध पक्षकारों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों के प्रति प्रत्युत्तर अनुरोध देने का अवसर प्रदान किया गया था। हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे 10 फरवरी 2026 तक अपने लिखित अनुरोध और 17 फरवरी 2026 तक प्रत्युत्तर अनुरोध प्रस्तुत करें। किए गए अनुरोधों पर विधिवत विचार किया गया था और उन्हें उचित रूप से हल किया गया था।

xix. प्राधिकारी ने जांच प्रक्रिया के दौरान आवेदक और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की सटीकता के संबंध में स्वयं को संतुष्ट किया, जो यथासंभव सीमा तक और संगत तथा आवश्यक मानी गई सीमा तक इन जांच परिणामों का आधार बनती है।

xx. प्राधिकारी ने साक्ष्य से समर्थित सीमा तक और वर्तमान जांच के लिए मानी गई सीमा तक इस स्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना और उठाए गए तर्कों पर विचार किया है।

xxi. प्राधिकारी द्वारा वर्तमान पाटनरोधी जांच से संबंधित मामले में विचाराधीन अनिवार्य तथ्य प्रकट करते हुए नियमावली के नियम 16 के अनुसार दिनांक 9 जून 2026 को एक प्रकटन विवरण जारी किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटन पश्चात टिप्पणियों की संगत सीमा तक जांच की है। कोई भी अनुरोध जो केवल पूर्व अनुरोध की पुनरावृत्ति था और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पहले ही जांच की जा चुकी है, संक्षिप्तता के लिए दोहराया नहीं गया है।

xxii. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच के दौरान आवश्यक सूचना देने से इनकार किया है या अन्यथा प्रदान नहीं किए है, या जांच में अत्यधि रूप से बाधा डाली है, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपनी टिप्पणियों को दर्ज किया है।

xxiii. *** इन अंतिम जांच परिणामों में किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना और पाटनरोधी नियमावली के तहत, प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

xxiv. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 84.58 रुपये है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

4. किसी भी हितबद्ध पक्षकार विचाराधीन उत्पाद के संबंध में कोई टिप्पणी प्रस्तुत नहीं की है।

ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

5. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i) वर्तमान आवेदन-पत्र में विचाराधीन उत्पाद "4-(ब्रोमोमेथाइल)-2'-साइनोबिफेनिल" है जिसे "ब्रोमो ओटीबीएन" के रूप में भी जाना जाता है। ब्रोमो ओटीबीएन एक क्रीम/ऑफ व्हाइट कलर पाउडर है जिसका उपयोग कुछ फार्मास्युटिकल एपीआई के निर्माण में किया जाता है, मुख्य रूप से वालसार्टन, इरबेसार्टन और टेलमिसार्टन में। यह लोसार्टन, अज़िलसार्टन एस्टर और टेलमिसार्टन जैसी सार्टन वर्ग की औषधीय दवाओं के संश्लेषण में मध्यवर्ती के रूप में कार्य करता है। इसका उपयोग अन्य पायराजोलिन और संबंधित व्युत्पन्नों के संश्लेषण में भी किया जाता है।

ii) संबद्ध सामानों की रासायनिक संरचना में प्रत्येक बेंजीन रिंग पर प्रतिस्थापन के साथ एक केंद्रीय बाइफिनाइल कोर होता है। साइनो समूह (-सीएन) एक बेंजीन रिंग की 2 'स्थिति पर स्थित होता है, जबकि ब्रोमोमिथाइल समूह (-सीएच2बीआर) दूसरे बेंजीन रिंग की 4 स्थितियों पर स्थित होता है। यह व्यवस्था अणु को इसके अद्वितीय गुण और प्रतिक्रियाशीलता देती है।

iii) संबद्ध सामानों को उपयुक्त तापमान पर उत्प्रेरक की उपस्थिति में उपयुक्त विलायक में 2-साइनो-4 '-मिथाइल बाइफिनाइल (ओटीबीएन) ब्रोमिनेटिंग द्वारा तैयार किया जाता है। प्रतिक्रिया द्रव्यमान में हाइड्रोजन पेरोक्साइड (एच2O2) को जोड़कर आगे ब्रोमिनेशन पूरा किया जाता है। कार्य में सोडियम मेटाबिसल्फाइट (एसएमबीएस) द्वारा ब्रोमिन के निशान को हटाना और उसके बाद सोडियम बाइकार्बोनेट घोल का उपयोग करके तटस्थीकरण प्रक्रिया शामिल है। परिणामस्वरूप ठोस पदार्थ कार्बनिक परत को शुद्ध करके प्राप्त किया जाता है; जो आगे मेथनॉल के साथ क्रिस्टलीकरण पर शुद्ध उत्पाद देता है।

iv) संबद्ध सामानों को सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के तहत वर्गीकृत किया गया है। संबद्ध सामानों को कंपनी से कंपनी और देश से देश में विभिन्न कोडों के तहत आयात किया जाता है, और अधिकांश आयात शीर्ष 29269000,29339990,29332990,29420090 और 29152990 के तहत हो रहे हैं। यह अनुरोध किया जाता है कि सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और किसी भी तरह से यह उत्पाद क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

v) घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों और संबद्ध देश से आयातित सामानों में कोई अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान और संबद्ध देश से आयातित संबद्ध सामान भौतिक और रासायनिक

विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशों, वितरण और विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के संदर्भ में तुलनीय हैं।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

6. जांच शुरुआत अधिसूचना में विचाराधीन उत्पाद निम्नलिखित रूप में परिभाषित है:

"वर्तमान मामले में विचाराधीन उत्पाद "4-(ब्रोमोमेथाइल)-2 '-साइनोबिफिनाइल" (इसके बाद इसे "विचाराधीन उत्पाद" या "पीयूसी" कहा गया) है। घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन-पत्र में निहित सूचना के अनुसार, विचाराधीन उत्पाद को "ब्रोमो ओटीबीएन" के रूप में भी जाना जाता है। ब्रोमो ओटीबीएन एक क्रीम/ऑफ व्हाइट कलर पाउडर है जिसका उपयोग मुख्य रूप से वालसार्टन, इरबेसार्टन और टेलमिसार्टन फार्मास्युटिकल एपीआई के निर्माण में किया जाता है"।

7. लोसार्टन, अज़िलसार्टन एस्टर और टेलमिसार्टन जैसी सार्टन वर्ग की औषधीय दवाओं के संश्लेषण में संबद्ध सामान मध्यवर्ती के रूप में कार्य करते हैं। इसका उपयोग अन्य पायराजोलिन और संबंधित व्युत्पन्नों के संश्लेषण में भी किया जाता है। इसके अलावा, हाल ही में रिपोर्ट किए गए अध्ययनों ने थर्मोडायनामिक अध्ययनों का उपयोग करके ईएसआई-एमएस/एमएस तकनीक और अन्य सॉल्वैंट्स का उपयोग करके टेलमिसार्टन में संभावित जीनोटॉक्सिक अशुद्धियों के निर्धारण में संबद्ध सामानों की भूमिका दर्शाई है।

8. संबद्ध सामानों की रासायनिक संरचना में प्रत्येक बेंजीन रिंग पर प्रतिस्थापन के साथ एक केंद्रीय बाइफिनाइल कोर होता है। साइनो समूह (-सीएन) एक बेंजीन रिंग की 2 'स्थिति पर स्थित होता है, जबकि ब्रोमोमिथाइल समूह (-सीएच2बीआर) दूसरे बेंजीन रिंग की 4 स्थितियों पर स्थित होता है। यह व्यवस्था अणु को इसके अद्वितीय गुण और प्रतिक्रियाशीलता देती है।

9. संबद्ध सामानों को सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के तहत वर्गीकृत किया गया है। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि संबद्ध सामानों को विभिन्न एचएस कोड के तहत आयात किया जा रहा है और अधिकांश आयात शीर्ष 29269000,29339990,29332990,29420090,29152990 के तहत हो रहे हैं। हालांकि, यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी जांच में सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और किसी भी तरह से, यह उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है। हितबद्ध

पक्षकारों को, जांच की शुरुआत सूचना के पैरा 7 के माध्यम से, जांच शुरू होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति के संबंध में अपनी टिप्पणियां/सुझाव प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी। किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र या पीसीएन पद्धति के संबंध में कोई टिप्पणी प्रस्तुत नहीं की है।

10. तदनुसार विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र वही रहता है जैसा कि जांच शुरुआत अधिसूचना में परिभाषित किया गया है। इसके अतिरिक्त, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने कोई पीसीएन पद्धति का प्रस्ताव नहीं दिया। पीसीएन पद्धति पर किसी भी टिप्पणी के अभाव में, वर्तमान जांच के लिए कोई पीसीएन पद्धति नहीं अपनाई जा रही है।

11. समान वस्तु के संबंध में पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) में निम्नलिखित प्रावधान है:

> *"समान वस्तु" का अर्थ उस वस्तु से है जो भारत में पाटन के कारण जांच के अंतर्गत वस्तु के सभी प्रकार से समरुप या समान है अथवा ऐसी वस्तु के न होने पर अन्य वस्तु जोकि यद्यपि सभी प्रकार से समनुरुप नहीं है परंतु जांचाधीन वस्तुओं के अत्यधिक सदृश विशेषताएं रखती हैं;*

12. रिकॉर्ड में दी गई सूचना पर विचार करने के बाद, प्राधिकारी का मानना है कि संबंद्ध देश निर्यातित विचाराधीन उत्पाद और भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद में कोई वास्तविक अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद भौतिक विशेषताओं, उत्पादन प्रौद्योगिकी और विनिर्माण प्रक्रिया, प्रकार्यों और प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, वितरण और विपणन के संदर्भ में आयातित संबद्ध उत्पाद से तुलनीय हैं। दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। तदनुसार, प्राधिकारी निष्कर्ष निकालते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद नियमावली के नियम 2 (घ) के अनुसार संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद की 'समान वस्तु' है।

घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

13. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग के आधार के संबंध में कोई टिप्पणी प्रस्तुत नहीं की है।

घ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

14. घरेलू उद्योग और आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए आवेदन-पत्र मैसर्स नियोजेन केमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, देश में संबद्ध सामानों के दो और उत्पादक हैं, अर्थात् एसवी लैब्स और सौरव केमिकल्स। तथापि, आवेदक का संबद्ध सामानों के भारतीय उत्पादन (50% से अधिक) का बड़ा हिस्सा है।

ii. आवेदक ने न तो विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है और न ही चीन जन.गण. में विचाराधीन उत्पाद के किसी भी उत्पादक/निर्यातक और न ही भारत में संबद्ध सामानों के किसी भी आयातक से संबद्ध है।

iii. नियमावली के अनुसार आवेदक का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का "एक बड़ा अनुपात" है। इस प्रकार, आवेदक नियम 2 (ख) के परीक्षण और नियम 5 की आधार अपेक्षाओं को पूरा करता है।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

15. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित है:

> *"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

16. वर्तमान मामले में आवेदन-पत्र मैसर्स नियोजेन केमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक के अनुसार, देश में संबद्ध सामानों के दो और उत्पादक हैं, अर्थात् एसवी लैब्स और सौरव केमिकल्स।

17. सौरव केमिकल्स (अब एससीएल लाइफसाइंसेज) ने दिनांक 30.01.2026 को एक ईमेल भेजा जिसमें कहा गया है कि वे घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन-पत्र का समर्थन

करते हैं। तथापि, यह नोट किया जाता है कि न तो निर्धारित प्रारूप में सूचना दायर की गई थी और न ही पक्षकार ने पंजीकरण किया और जांच में भाग नहीं लिया।

18. रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार, अन्य घरेलू उत्पादक द्वारा दिए गए समर्थन की परवाह किए बिना कुल घरेलू उत्पादन में आवेदक की बड़ी हिस्सेदारी है और पाटनरोधी नियमावली के संदर्भ में कुल भारतीय उत्पादन का "एक प्रमुख अनुपात" है। निम्नलिखित तालिका आवेदक और अन्य उत्पादकों के हिस्से के बारे में विस्तार से बताती हैः

उत्पादन	**एमटी**	**% हिस्सा**
आवेदक	***	***
अन्य उत्पादक :	***	***
एस वी लैब्स	***	***
सौरव केमिकल्स	***	***
कुल भारतीय उत्पादन	***	100

19. आवेदक ने यह भी अनुरोध किया है कि उसने न तो विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है और न ही वह चीन जन.गण. में विचाराधीन उत्पादक के किसी उत्पादक/निर्यातक से संबद्ध है या भारत संबद्ध सामानों के किसी आयातक से संबद्ध है। उपरोक्त को देखते हुए, और उचित जांच के बाद, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक नियम 2(ख) के अनुसार पात्र घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र उपर्युक्त नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

ड. गोपनीयता संबंधी मुद्दे

ड.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

20. वर्तमान जांच के दौरान गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोध और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए अनुरोध इस प्रकार हैं:

i. याचिका में अत्यधिक गोपनीयता है। इसके अलावा, याचिका में मात्रा के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई है।

ii. घरेलू उद्योग ने भी उनकी लागत का पर्याप्त विवरण उपलब्ध नहीं कराया है।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

21. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. उत्तरदाता निर्यातक निर्यातकों की प्रश्नावली के उत्तर का सार्थक सारांश प्रदान नहीं करके भारतीय कानून के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने बिना किसी उचित औचित्य के अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है। इसके अतिरिक्त, उचित कारण बताए बिना गोपनीय रूपांतर में निहित सभी सूचना के लिए प्रश्नावली के उत्तर का अगोपनीय रूपांतर नहीं दिया गया है।

ii. निर्यातकों के लिए यह अनिवार्य था कि वे कारणों का उचित विवरण दें कि गोपनीयता का दावा क्यों किया गया था और कुछ सूचना का सार संभव क्यों नहीं था।

iii. निर्यातक न केवल सार्थक प्रतिक्रिया देने में विफल रहे हैं, बल्कि वे इस तरह की अत्यधिक गोपनीयता का दावा करने का कोई कारण देने में भी विफल रहे हैं। प्रतिक्रियाओं के साथ संलग्न परिशिष्टों में कोई सार्थक अगोपनीय प्रतिक्रिया नहीं होती है और कुछ मामलों में, वे या तो पूरी तरह से खाली होते हैं या प्रतिक्रिया के साथ संलग्न नहीं होते हैं।

iv. कानून में आगे कहा गया है कि यदि प्राधिकारी को पता चलता है कि गोपनीयता के लिए अनुरोध आवश्यक नहीं है और यदि सूचना का आपूर्तिकर्ता या तो सूचना को सार्वजनिक करने या सामान्यीकृत या संक्षिप्त रूप में इसके प्रकटीकरण को अधिकृत करने के लिए तैयार नहीं है, तो प्राधिकारी ऐसी सूचना की अनदेखी कर सकते हैं। इसके अलावा, उत्तरदाता निर्यातकों द्वारा प्रश्नावली प्रतिक्रियाओं में बहुत कमी है और उनमें उठाए गए कई प्रश्नों का उत्तर नहीं देते हैं।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

22. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया।

22. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(7) के अनुसार विभिन्न पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर सभी हितबद्ध पक्षकारों को

उपलब्ध कराया। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के संबंध में, पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

"गोपनीय सूचना:

"(1) नियम 6 के उप नियमावली (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को अनुरोध किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना अनुरोध करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश अनुरोध करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना अनुरोध करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण अनुरोध करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

24. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, जहां भी आवश्यक था, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं किया गया है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपने व्यवसाय से संबंधित संवेदनशील सूचना को गोपनीय होने का दावा किया है।

गैर-गोपनीय

च. विविध मुद्दे

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

25. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. यह देखा गया है कि याचिकाकर्ता ने गौण स्रोतों से आयात आंकड़े प्राप्त किए है। यह अनुरोध किया जाता है कि गौण स्रोतों से प्राप्त आंकड़े प्रामाणिक और विश्वसनीय नहीं है। प्राधिकारी को जांच की शुरुआत के समय वर्तमान जांच में आयात की जांच के लिए डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों को मंगाना चाहिए था। पूर्व में, प्राधिकारी ने हमेशा डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त आंकड़ों पर भरोसा किया है न कि गौण स्रोतों पर।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका में वित्तीय वर्ष 2021-22, जो क्षति की अवधि का आधार वर्ष है, के लिए, आयात की मात्रा और सीआईएफ कीमत जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ा बिंदुओं के बारे में वास्तविक विसंगतियां और विरोधाभासी सूचना है,

iii. डीजीटीआर ने क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) निर्धारित करने के लिए नियोजित पूंजी पर आय (आरओसीई) 22% को लगातार अपनाया है, जो हम कहते हैं कि अत्यधिक, पुराना और पाटनरोधी नियमावली के तहत निर्धारित सिद्धांतों के साथ असंगत है। नियमावली के अनुबंध-III के पैरा 4 के अनुसार, नियोजित पूंजी पर "उचित आय" की अनुमति दी जानी चाहिए, न कि एक निश्चित या बढ़ी हुई पूंजी पर। वर्तमान पद्धति प्रचलित ब्याज और कर दरों के लिए उत्तरदायी नहीं है और क्षतिरहित कीमत को अनुचित रूप से बढ़ाती है, जिससे क्षति दर्शाई जाती है और घरेलू उद्योग को अनुचित संरक्षण मिलता है।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

26. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. दवाओं और स्वास्थ्य उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए चाइना चैंबर ऑफ कॉमर्स (सीसीसीएमएचपीआईई) को पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ग) के अनुसार एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में नहीं माना जा सकता है।

ii. इस बात में कोई विवाद नहीं है कि सीसीसीएमएचपीआईई निश्चित रूप से उत्पादक, निर्यातक या आयातक की श्रेणी में नहीं आता है। अत: एसोसिएशन

नियम 2 (ग) (i) के तहत बिजनेस एसोसिएशन के दर्जे का दावा कर सकता है। उपरोक्त से यह देखा जा सकता है कि केवल उस एसोसिएशन को "हितबद्ध पक्षकार" माना जा सकता है, जिसके अधिकांश सदस्य "ऐसी वस्तु" के उत्पादक, निर्यातक या आयातक हैं। अत:, एक एसोसिएशन को जांच में एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में भाग लेने की अनुमति केवल तभी दी जा सकती है जब प्राधिकारी की संतुष्टि के लिए यह साबित हो जाए कि ऐसी एसोसिएशन के अधिकांश सदस्य या तो आयातक हैं या संबद्ध सामानों के उत्पादक हैं। यह नोट करना व्यावहारिक है कि अधिसंख्य परीक्षण संबंधित एसोसिएशन की कुल सदस्यता के संदर्भ में लागू किया जाना है।

iii. उक्त एसोसिएशन ने यह साबित करने के लिए कोई साक्ष्य भी नहीं दिया है कि वे ऊपर बताए गए नियम के संदर्भ में एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पात्र हैं। उन्होंने अपने सभी सदस्यों की पूरी सूची प्रस्तुत करने की भी जहमत नहीं उठाई ताकि माननीय प्राधिकारी को एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में उनकी स्थिति का पता लगाने में सक्षम बनाया जा सके, इस तथ्य के बावजूद कि उत्तर देने वाली एसोसिएशन और साथ ही उनके कानूनी प्रतिनिधि पाटनरोधी नियमावली में निहित आवश्यकता से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

iv. आवेदक द्वारा भरोसा किए गए आयात आंकड़ों की विश्वसनीयता को चुनौती देने वाले हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध गलत हैं और अनावश्यक बातें कही गई हैं। यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि प्राधिकारी द्वारा स्थापित परिपाटी और बार-बार स्पष्टीकरण के अनुसार, पाटनरोधी जांच में आवेदकों को अपने आवेदन-पत्र दायर करने के उद्देश्य से किसी भी स्रोत से आयात आंकड़े प्रदान करने की अनुमति है। तथापि, प्राधिकारी जो आंकड़े जांच शुरुआत करने और आगे की कार्यवाही के लिए प्रयोग करते हैं, उसे विधिवत रूप से वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) जैसे सरकारी आंकड़ों से प्राप्त किया जाता है, जो आयात आंकड़ों का आधिकारिक और विश्वसनीय भंडार है। यह आयात आंकड़ों की अखंडता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है जिस पर जांच आधारित होती है। इस प्रकार, केवल आवेदक द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों के स्रोत पर ध्यान केंद्रित करने वाली आपत्तियां इस प्रक्रियात्मक सुरक्षा की अनदेखी करती हैं और इन्हें खारिज कर दिया जाना चाहिए।

v. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि क्षतरहित कीमत की गणना के उद्देश्य से प्रयोग की जाने वाली पूंजी पर आय बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है, यह

अनुरोध किया जाता है कि ऐसे अनुरोध किसी ठोस तर्क या प्रस्तुति पर आधारित नहीं हैं। क्षतिरहित कीमत की गणना करते समय अनुमत 22% आय ऐतिहासिक रूप से सुसंगत आय है जिसे प्राधिकारी के साथ-साथ माननीय सेस्टैट द्वारा बार-बार पर्याप्त/उचित पाया गया है।

च.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

27. प्राधिकारी ने 17 फरवरी, 2026 के अपने प्रत्युत्तर में घरेलू उद्योग के इस अनुरोध की जांच की है कि सीसीसीएमएचपीआईई एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में माने जाने के लिए नियमावली के नियम 2 (ग) (i) में निर्धारित शर्तों को पूरा नहीं करता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सीसीसीएमएचपीआईई ने 2 सितंबर, 2025 को अपने शुरुआती अनुरोध में और बाद में लिखित अनुरोधों में, मई 1989 में स्थापित चीन में एक राष्ट्रीय व्यापार संघ के रूप में खुद को वर्णित किया है, जो चीन जनवादी गणराज्य के वाणिज्य मंत्रालय के तहत कार्य कर रहा है, जिसमें निर्माताओं, व्यापारिक कंपनियों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास सुविधाओं सहित 2,400 से अधिक कंपनियों की सदस्यता है।

28. प्राधिकारी ने 6 अगस्त, 2025 को हितबद्ध पक्षकारों की सूची प्रकाशित की, जिसमें सीसीसीएमएचपीआईई को विशेष रूप से शामिल किया गया था और घरेलू उद्योग ने उस स्तर पर इस तरह के समावेश पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने 10 सितंबर, 2025 और 17 नवंबर, 2025 को अपने पत्र द्वारा सीसीसीएमएचपीआईई के अनुरोधों की प्राप्ति को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया, और 3 फरवरी, 2026 को आयोजित मौखिक सुनवाई और 10 फरवरी, 2026 को अपने लिखित अनुरोधों सहित पूरी जांच के दौरान गुण-दोष के आधार पर ऐसे अनुरोधों में शामिल रहा, जिसमें भाग लेने के लिए सीसीसीएमएचपीआईई की पात्रता को किसी भी समय कोई चुनौती नहीं दी गई। प्रत्युत्तर अनुरोधों में पहली बार आपत्ति उठाई गई है, जो सामान्य रूप से आगे के उत्तर के लिए परिचालित नहीं की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप सीसीसीएमएचपीआईई को उत्तर देने का कोई प्रक्रियात्मक अवसर नहीं मिला है। घरेलू उद्योग बिना किसी आपत्ति के पहले से ही गुण-दोष पर सीसीसीएमएचपीआईई के अनुरोधों के साथ जुड़ा हुआ था और इस मुद्दे पर घरेलू उद्योग की लंबी चुप्पी को उस अवधि के दौरान सीसीसीएमएचपीआईई की भागीदारी की स्वीकृति के रूप में समझा जा सकता है।

29. प्राधिकारी का यह भी मानना है कि वर्तमान जांच में सीसीसीएमएचपीआईई द्वारा दिए गए तर्क काफी हद तक चीन जन.गण. के सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों द्वारा दिए गए तर्कों के समान हैं, जिन्होंने प्रश्नावली प्रतिक्रियाएं दायर की हैं, और

किसी भी घटना में औचित्य के आधार पर विचार किया जाना चाहिए। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी सीसीसीएमएचपीआईई की पात्रता के लिए विलंबित चुनौती को स्वीकार नहीं करते हैं, और औचित्य के आधार पर सीसीसीएमएचपीआईई के अनुरोधों पर विचार किया है।

30. जहां तक आवेदक द्वारा भरोसा किए गए आयात आंकड़ों के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरुआत के समय, आवेदक को पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में प्राधिकारी को प्रथम दृष्टया संतुष्ट करना आवश्यक है। इस उद्देश्य के लिए, आवेदक गौण स्रोतों/बाजार सूचना से आंकड़े प्राप्त करता है। तथापि, जांच की शुरुआत के उद्देश्य और वर्तमान अंतिम जांच परिणामों के लिए, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम से आधिकारिक आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है।

31. घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत की गणना के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों के संबंध में, प्राधिकारी ने अनुबंध-III के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर और प्राधिकारी सतत परिपाटी के अनुसार घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत का निर्धारण किया है।

छ. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

32. वर्तमान जांच के दौरान अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए हैं:

i. पाटनरोधी जांच के तहत एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था (एनएमई) के रूप में चीन जन.गण.का निरंतर व्यवहार 11 दिसंबर 2016 के बाद कानूनी आधार के बिना है, जिस तारीख को चीन के डब्ल्यूटीओ अधिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 (क) (ii) की अवधि समाप्त हो गई थी। इस नयाचार के अनुसार, डब्ल्यूटीओ के सदस्यों को अधिकतम 15 वर्षों के लिए प्रतिनिधि देश पद्धति का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। वह अवधि समाप्त हो गई है, और ऐसी पद्धति अब डब्ल्यूटीओ कानून के असंगत है।

ii. प्राधिकारी को चीनी उत्पादक/निर्यातक के सहयोग के लिए निर्मित सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए सहयोगी चीनी उत्पादक/निर्यातक के वास्तविक उपभोग मानदंडों को ध्यान में रखना चाहिए। चीनी उत्पादक/निर्यातक के वास्तविक उपभोग मानक को घरेलू उद्योग के उपभोग मानक के साथ प्रतिस्थापित करने के लिए कोई कानूनी औचित्य या आर्थिक तर्क नहीं है, जो अक्षम हो सकता है।

iii. सहयोग करने वाले चीनी उत्पादकों/निर्यातकों ने इस जांच में प्राधिकारी के साथ पूरा सहयोग किया है और निर्धारित प्रारूप में और प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर एक पूर्ण प्रश्नावली प्रतिक्रिया प्रस्तुत की है। सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 9क (6क) के अनुसार, बनाए रखे गए रिकॉर्ड और सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा प्रदान की गई सूचना के आधार पर शुल्क की एक व्यक्तिगत दर निर्धारित की जानी चाहिए।

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

33. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. किसी भी निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था का स्तर का दावा करने के लिए अतिरिक्त प्रश्नावली दायर नहीं की है। तीसरे देश के निर्यात से संबंधित कोई विश्वसनीय और सत्यापित सूचना भी रिकॉर्ड में नहीं है। इस प्रकार, निर्यातकों के सामान्य मूल्य की गणना लागत-प्लस पद्धति के आधार पर की जानी चाहिए।

ii. रिकॉर्ड पर आंकड़े काफी सकारात्मक पाटन मार्जिन दर्शाते हैं। इस प्रकार, प्राधिकारी से अनुरोध है कि कृपया घरेलू उद्योग के संरक्षण के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाएं।

iii. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि चीन जन.गण.को बाजार अर्थव्यवस्था स्तर दिया जाना चाहिए, यह अनुरोध किया जाता है कि चीन जन.गण.को डीजीटीआर सहित दुनिया भर के विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था देश के रूप में माना गया है। अनुबंध-I के पैरा 8 में ऐसे देश के विरुद्ध एक धारणा है कि वह गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के आधार पर काम कर रहा है, बशर्ते कि उक्त देश के उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा इसका खंडन किया जाए। चूंकि किसी भी चीनी उत्पादक ने बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति के मूल्यांकन के लिए आवश्यक निर्धारित प्रारूप में अनुरोधित सूचना दायर

नहीं की है, इसलिए अनुबंध-I के पैरा 8 के तहत अनुमान के संदर्भ में, चीन जन.गण.को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में माना जाना चाहिए और तदनुसार सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है।

iv. जहां तक चीनी उत्पादकों के सामान्य मूल्य के निर्माण के उद्देश्य से उनके वास्तविक उपभोग मानदंडों को ध्यान में रखने के अनुरोध का संबंध है, यह अनुरोध किया जाता है कि ऐसा अनुरोध प्राधिकारी द्वारा अपनाई जाने वाली परिपाटी के अनुरूप नहीं है।

छ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

छ.3.1 <u>सामान्य मूल्य</u>

34. धारा 9क(1)(ग) के तहत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात

के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

35. डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखत प्रावधान है:

"जीएटीटी 1994 का अनुच्छेद VI, प्रशुल्क और व्यापार संबंधी सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार एक डब्ल्यूटीओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों की संलिप्तता की कार्यवाहियों में लागू होंगे जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

(क) जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमावली के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(iii) एससीएम समझौते के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के संगत प्रावधान लागू होंगे ,तथापि ,उसके प्रयोग

करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में ,जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(iv) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(v) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे ,बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (ii) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा ,आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

36. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. के अभिगम नयाचार अनुच्छेद 15 (क) (ii) के प्रावधान 11 दिसंबर, 2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि अभिगम नयाचार अनुच्छेद 15 (क) (i) के तहत दायित्व के साथ पठित पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के तहत प्रावधान में बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा करने संबंधी पूरक प्रश्नावली में दिए जाने के लिए सूचना/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट होने हेतु, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध । के पैराग्राफ 8 में निर्धारित मानदंड अपेक्षित हैं।

37. जांच की शुरुआत के स्तर पर, प्राधिकारी ने बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों और लाभों को विधिवत समायोजित करने के बाद घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के

सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर चीन जन.गण.के लिए सामान्य मूल्य का निर्माण किया है। जांच शुरु करने पर, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को जांच शुरुआत की सूचना का उत्तर देने और अपनी बाजार अर्थव्यवस्था के स्तर के निर्धारण के लिए संगत सूचना प्रदान करने की सलाह दी। प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 (3) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की धारणा का खंडन करने और संगत विस्तृत सूचना देने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को पूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजीं।

38. प्राधिकारी चीन जन.गण. में उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के संबंध में नियमावली अनुबंध-1 के पैरा 7 और 8 के तहत निम्नलिखित प्रावधान नोट करते हैं:

> *"7. गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य, मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"*
>
> *"8 (1) "गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश" वाक्यांश का अर्थ है कि ऐसा देश जिसे निर्दिष्ट प्राधिकारी लागत अथवा कीमत ढांचे के बाजार सिद्धान्तों को लागू नहीं करने वाले देश के रूप में मानते हैं, जिसके कारण ऐसे देश में पण्य वस्तुओं कि बिक्रियों उप पैराग्राफ (3) में निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार वस्तुओं के सही मूल्य को नहीं दर्शाती है।"*

(2) यह कहना पूर्वनुमान लगाना होगा कि कोई देश जिसे जांच के पूर्ववर्ती तीन वर्षे के दौरान निर्दिष्ट प्राधिकारी अथवा डब्लू .टी.ओ.के किसी सदस्य के समक्ष प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश निर्धारित अथवा माना गया है, एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है। तथापि, गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश या ऐसे देश से संबंधित फर्म निर्दिष्ट-प्राधिकारी को सूचना तथा साक्ष्य उपलब्ध कराकर इस परिकल्पना को समाप्त कर सकते हैं जो यह साबित करता हो कि ऐसा देश उप पैरा (3) में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर एक गैर बाजार अर्थ-व्यवस्था वाला देश नहीं है।

(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी प्रत्येक मामले में निम्नलिखित मानदंड पर विचार करेंगे कि क्या: (क) ऐसे देश में कच्ची समग्रियों प्रौद्योगिकी लागत और श्रम, उत्पादन, बिक्रियों तथा निवेश सहित कीमतों, लागतों तथा निवेशों के संबंध में संबधित फर्म का निर्णय आपूर्ति तथा मांग को दर्शाने वाले बाजार संकेतों तथा इस संबंध में किसी विशिष्ट राज्य हस्तक्षेप के बिना होता है और यह कि क्या मुख्य निवेशों की लागतें वास्तविक रूप से बाजार मूल्यों को दर्शाती है ; (ख) ऐसी फर्मों की उत्पादन लागतों तथा वित्तीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर- बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली से उठाये गये विशिष्ट विरूपणों के अधीन होती है, खासकर ऋणों की प्रतिपूर्ति द्वारा परिसम्पतियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खाते वस्तु विनियम व्यापार तथा ऋणों की क्षतिपूर्ति के जरिए तथा भुगतान के संबंध में; (ग) ऐसी फर्म दिवालियापन तथा सम्पति कानून के अधीन होती है जो कि फर्मों के प्रचालन की कानूनी निश्चितता तथा स्थायित्व की गांरटी देता है ; (घ) विनियम दर के परिवर्तन बाजार दर पर किये जाते है ;बशर्ते, तथापि, जहां इस पैराग्राफ में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर लिखित रूप में पर्याप्त साक्ष्य दर्शाया जाता है कि पाटनरोधी जांच के अधीन एक अथवा ऐसी अधिक फर्मों के लिए बाजार स्थितियां लागू होती हैं, निर्दिष्ट प्राधिकारी पैरा 7 तथा इस पैरा में निर्दिष्ट सिद्धान्तों के पैरा 1 से 6 में निर्दिष्ट सिद्धान्तों को लागू कर सकते है।

(4)उप पैराग्राफ (2) में किसी बात के होते हुए भी, निर्दिष्ट प्राधिकारी जो संगत मापदंड के अद्यतन विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ऐसे देश को बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मान सकते हैं जिसमें उप पैराग्राफ (3) में विनिर्दिष्ट मापदंड में किसी सार्वजनिक दस्तावेज में ऐसे मूल्यांकन का प्रकाशन शामिल हो, जिसे विश्व व्यापार संगठन के किसी सदस्य देश द्वारा

पाटनरोधी जॉच के प्रयोजनार्थ बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माने जाने के लिए माना या निर्धारित किया हो"

39. जांच की शुरुआत के स्तर पर, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था देश के रूप में मानने की धारणा से कार्यवाही की। जांच शुरु करने पर, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को जांच शुरुआत की सूचना का उत्तर देने और इस बारे में सूचना देने की सलाह दी कि क्या उनके आंकड़े/सूचना को सामान्य मूल्य निर्धारण के लिए अपनाया जा सकता है। प्राधिकारी ने इस संबंध में संगत सूचना प्रदान करने के लिए चीन जन.गण. में सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार/पूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजीं।

40. पैराग्राफ 7 गैर-बाजार अर्थव्यवस्था में उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य की गणना करने के लिए कई प्रशंसनीय तरीकों को निर्धारित करता है, जिसमें (क) बाजार अर्थव्यवस्था में मूल्य या निर्मित मूल्य के आधार पर तीसरे देश; (ख) ऐसे तीसरे देश से भारत सहित अन्य देश में कीमत; और (ग) किसी अन्य उचित आधार पर, जिसमें उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए, यदि आवश्यक हो, विधिवत समायोजित किए गए समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में प्रदत्त या देय कीमत शामिल है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पैराग्राफ 7 के तहत प्रदान किए गए विभिन्न क्रमिक विकल्पों को ध्यान में रखते हुए सामान्य मूल्य निर्धारित करने की आवश्यकता है।

41. आवेदन-पत्र दायर करने के स्तर पर, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया था कि चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य का निर्माण भारत में वास्तव में देय कीमत के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें भारत में उत्पादित होने वाली समान वस्तु के लिए उचित लाभ भी शामिल है।

42. पहले और दूसरे तरीकों के आधार पर सामान्य मूल्य पर विचार करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई सूचना/साक्ष्य प्रदान नहीं किया गया है। इसलिए, प्राधिकारी ने किसी अन्य उचित आधार पर तीसरे तरीके के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इसके तहत, भारत में वास्तव में प्रदत्त या देय कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया जा सकता है। इस उद्देश्य के लिए, प्राधिकारी ने बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय और लाभ को उचित रूप से जोड़कर घरेलू उद्योग की उत्पादन की इष्टतम लागत पर विचार किया है। इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

छ.3.2 निर्यात कीमत

43. चीन जन.गण. के निम्नलिखित उत्पादकों और निर्यातकों ने भाग लिया है और प्रश्नावली के उत्तर दायर किए हैं।

क) लिन्हाई हुआनान केमिकल कंपनी लिमिटेड, उत्पादक और निर्यातक

ख) नानटोंग हुआयु केमिकल टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड, निर्यातक

ग) झेजियांग हुआहाई फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड, निर्यातक

घ) झेजियांग तियानयु फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड, उत्पादक और निर्यातक

ड.) यानचेंग सिटी डोंगगांग फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, उत्पादक और निर्यातक

यानचेंग सिटी डोंगगैंग फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ("डोंगगैंग")

44. यानचेंग सिटी डोंगगैंग फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ("डोंगगैंग") चीन जन.गण. में संबद्ध सामान की उत्पादक/निर्यातक है। डोंगगैंग ने निर्यातक के लिए निर्धारित प्रश्नावली के प्रारूप में आवश्यक सूचना दी है।

45. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान, डोंगगैंग ने भारत में सीधे ही असंबद्ध ग्राहकों को *** एमटी संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। डोंगगैंग ने समुद्री माल-भाड़े, समुद्री बीमा, अंतर्देशीय मालभाड़ा, बंदरगाह और सार-संभाल खर्चों, क्रेडिट लागत और बैंक शुल्क के निमित्त समायोजन का दावा किया है, जिसे प्राधिकारी ने अनुमति दे दी है। डोंगगैंग के लिए निर्धारित की गई कारखानागत निर्यात कीमत नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में दी गई है।

झेजियांग तियान्यू फार्मास्युटिकल कं, लिमिटेड ("तियान्यू")

46. झेजियांग तियान्यू फार्मास्युटिकल कं. लिमिटेड चीन जन.गण., चीन जन.गण. में संबद्ध सामानों का निर्माता/निर्यातक है और उसने निर्धारित निर्यातक प्रश्नावली में संगत सूचना प्रदान की है।

47. जांच की अवधि के दौरान, झेजियांग तियान्यू फार्मास्युटिकल कंपनी, लिमिटेड, चीन जन.गण ने भारत में असंबद्ध खरीदारों को सीधे भारत को *** एमटी संबद्ध सामान बेचे हैं। उत्पादक/निर्यातक ने समुद्री मालभाड़ा, बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह और अन्य संबंधित खर्चों, ऋण लागत और बैंक शुल्कों के निमित्त समायोजन का दावा किया है, जिनकी प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी गई है।

मैसर्स लिन्हाई हुआनान केमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण.

48. जांच की अवधि के दौरान, लिनहाई हुआनान केमिकल कंपनी, लिमिटेड, चीन जन.गण.ने दो संबद्ध निर्यातों/व्यापारियों नामतः नानटोंग हुआयू केमिकल टेक्नोलॉजी कंपनी, लिमिटेड और झेजियांग हुआहाई फार्मास्युटिकल कंपनी, लिमिटेड के माध्यम से कार्यगत आधार पर अप्रत्यक्ष रूप से भारत को ***एमटी संबद्ध सामानों की बिक्री की है।

49. लिनहाई हुआनान केमिकल कं, लिमिटेड, चीन जन.गण. ने नान्टोंग हुआयू केमिकल टेक्नोलॉजी कं, लिमिटेड को *** एमटी बेचा है, और बाकी मात्रा *** एमटी को झेजियांग हुआहाई फार्मास्युटिकल कं, लिमिटेड को बेच दिया गया है।

50. लिनहाई हुआनान केमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. द्वारा नान्टोंग हुआयू केमिकल टेक्नोलॉजी कंपनी, लिमिटेड को बेचे गए संबद्ध सामाना के *** एमटी को नान्टोंग हुआयू केमिकल टेक्नोलॉजी कंपनी, लिमिटेड द्वारा झेजियांग हुआहाई फार्मास्युटिकल कंपनी, लिमिटेड को फिर से बेचा गया है।

51. यह भी नोट किया जाता है कि भारत को निर्यात किए गए संबद्ध सामानों में से *** एमटी में से झेजियांग हुआहाई फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड, जो संबद्ध सामानों का अंतिम निर्यातक/व्यापारी है, ने भारत में सीधे असंबद्ध खरीदारों को संबद्ध सामानों का *** एमटी बेचा है और शेष *** एमटी को अप्रत्यक्ष रूप से भारत को चार असंबद्ध गैर-प्रतिभागी निर्यातकों/व्यापारियों के माध्यम से बेचा गया है, अर्थात् हांग्जो डॉन रे फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड, हांग्जो स्टारशाइन फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड, झेजियांग टॉप हैंकूक बायोफार्म कंपनी लिमिटेड, और झेजियांग यूजी बिजनेस सर्विस कंपनी लिमिटेड। उत्पादक/निर्यातक ने कार्यगत कीमतों में किसी भी समायोजन का दावा नहीं किया है।

52. जांच की अवधि के लिए मैसर्स लिनहाई हुआनान केमिकल कंपनी लिमिटेड के लिए भारित औसत कारखानागत निर्यात कीमत का निर्धारण *** एमटी के सहयोगी हिस्से के लिए सत्यापित निर्यात कीमत को *** एमटी के गैर-सहयोगी हिस्से के लिए तथ्य-

उपलब्ध निर्यात कीमत के साथ मिलाकर किया गया है, जैसा कि नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में निर्धारित किया गया है।

छ. 3.3. असहयोगी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

53. चीन जन.गण. के अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत, सहयोगी उत्पादक/निर्यातकों के लिए जांचे गए आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है और इसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

छ. 3.4. पाटन मार्जिन का निर्धारण

54. पाटन मार्जिन निम्नानुसार दिया गया हैः

उत्पादक/निर्यातक का नाम	**सीएनवी (यूएसडॉ./ एमटी)**	**एनईपी (यूएसडॉ./ एमटी)**	**पाटन मार्जिन (यूएसडॉ./ एमटी)**	**पाटन मार्जिन %**	**पाटन मार्जिन रेंज %**
यानचेंग सिटी डोंगगांग फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट कं, लिमिटेड	***	***	***	***	55-65
लिनहाई हुआनान केमिकल कं, लिमिटेड	***	***	***	***	60-70
झेजियांग तियान्यू फार्मास्युटिकल कं, लिमिटेड	***	***	***	***	60-70
अन्य सभी	***	***	***	***	80-90

ज. <u>क्षति आंकलन की पद्धति क्षति तथा कारणात्मक संपर्क की जांच</u>

ज.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

55. वर्तमान जांच के दौरान अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए क्षति संबंधी अनुरोध और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए अनुरोध निम्नलिखित हैं।

i. आवेदक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के गहन विश्लेषण से क्षति की जांच की अवधि के दौरान सभी प्रमुख मात्रा संबंधी मापदंडों में साल-दर-साल लगातार और पर्याप्त सुधार का पता चलता है।

ii. उत्पादन, क्षमता उपयोग, घरेलू बिक्री, बाजार हिस्सेदारी, रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता जैसे सभी मात्रा आधारित मापदंडों में निरंतर और पर्याप्त सुधार एक संपन्न घरेलू उद्योग की स्पष्ट तस्वीर दर्शाते हैं। ये संकेतक सामूहिक रूप से दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति नहीं हो रही है।

iii. आयात की पहुंच कीमत में गिरावट घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में गिरावट के अनुरूप है। वास्तव में, पहुंच कीमत में गिरावट की दर घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में गिरावट की दर से कम है। इसका मतलब है कि आयात घरेलू उद्योग पर कीमत दबाव नहीं डाल रहा है और कीमत न्यूनीकरण एवं ह्रास नहीं कर रहा है।

iv. घरेलू उद्योग ने मुख्य रूप से हानि के कारण क्षति का दावा किया है। हालांकि, आंकड़ों का विश्लेषण आयात की प्रवृत्ति और घरेलू उद्योग की लाभप्रदता के बीच एक स्पष्ट असंबंध को दर्शाता है।

v. यदि आयात क्षति का कारण था, तो जांच की अवधि हानियां बढ़नी चाहिए थी, कम नहीं होनी चाहिए था। यह असंबंध दर्शाता है कि आवेदक का वित्तीय निष्पादन मुख्य रूप से आयात की मात्रा या कीमत से नियंत्रित नहीं होता है, यह सुझाव देते हुए कि हानियों का मूल कारण अन्य कारकों में निहित है।

vi. अपनी वार्षिक रिपोर्ट में आवेदकों के अपने विवरण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे माल की कीमत में सुधार को प्राथमिक चुनौतियों के रूप में पहचानते हैं। इन चुनौतियों ने न केवल जांच की अवधि बल्कि पूरी कंपनी को प्रभावित किया। हालांकि, इसका मतलब यह भी है कि इन चुनौतियों ने विचाराधीन उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग के निष्पादन को भी प्रभावित किया और ये कारक कथित पाटन से पूरी तरह से असंबंधित हैं और इन्हें किसी भी क्षति के प्रमुख कारणों के रूप में माना जाना चाहिए।

vii. याचिकाकर्ता ने वित्तीय हानियों की सूचना दी है; तथापि, जांच की अवधि के दौरान प्रमुख वित्तीय संकेतकों की बारीकी से जांच से स्थिरीकरण और वसूली की महत्वपूर्ण प्रवृत्ति का पता चलता है। याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान किए गए सूचीबद्ध आंकड़े स्पष्ट रूप से इसके वित्तीय निष्पादन में लगातार सुधार को दर्शाते हैं, जो सीधे तौर पर पाटित आयातों के कारण होने वाली वास्तविक क्षति के दावे के विरोधाभासी हैं।

viii. चीन जन.गण. से आयात में कथित वृद्धि पाटन का परिणाम नहीं है, बल्कि घरेलू मांग में वृद्धि का प्रत्यक्ष परिणाम है। भारत में संबद्ध सामानों की कुल मांग में लगातार वृद्धि देखी गई है, सूचकांक 2022-23 में 100 से बढ़कर जांच की अवधि (जनवरी 2024-दिसंबर 2024) में 163 हो गया है, जो 63% की वृद्धि दर्शाता है।

ix. जांच की अवधि के दौरान, कीमत कटौती नकारात्मक है, जो दर्शाता है कि चीन जन.गण. से आयात की कीमत घरेलू बिक्री कीमत से अधिक थी। पिछले वर्षों में भी कीमत कटौती न्यूनतम और असंगत रही है। इससे पता चलता है कि घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने वाला कोई कीमत प्रभाव नहीं है।

x. जांच की अवधि के दौरान मालसूची के स्तर में वृद्धि चीन जन.गण. से आयात के कारण होने वाली क्षति के साक्ष्य के बजाय एक रणनीतिक व्यावसायिक निर्णय प्रतीत होता है। इसकी पुष्टि उत्पादन में तेज वृद्धि (210 पर सूचीबद्ध) से होती है जो स्वाभाविक रूप से आपूर्ति निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उच्च मालसूची भंडारण की आवश्यकता होती है। इस के अतिरिक्त, घरेलू बिक्री में भी काफी वृद्धि हुई है (168 पर सूचीबद्ध) जो वस्तुओं की निरंतर आवाजाही और बाजार की निरंतर मांग का संकेत देती है।

xi. याचिकाकर्ता द्वारा दावा की गई वित्तीय हानियां चीन जन.गण. से आयात के कारण नहीं है, बल्कि इसके अपने वाणिज्यिक निर्णयों और आंतरिक अदक्षताओं का परिणाम है। सूचीबद्ध वित्तीय आंकड़े, जैसा कि अद्यतन याचिका के अगोपनीय रूपांतर में किया गया है, से पता चलता है कि मूल्यह्रास और ब्याज व्यय जैसे प्रमुख लागत घटकों में जांच की अवधि के दौरान काफी वृद्धि हुई है।

xii. उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री में निरंतर वृद्धि दर्शाती है कि घरेलू उद्योग कुशलता से काम कर रहा है और संबद्ध आयात से प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं है।

xiii. चीन जन.गण. से पाटित आयातों और याचिकाकर्ता द्वारा सामना किए जाने वाले वित्तीय तनाव के बीच कोई स्पष्ट कारणात्मक संपर्क नहीं है। हानियां काफी हद तक आंतरिक कारकों जैसे उच्च लागत, निवेश अदक्षताओं और बाहरी पाटन के बजाय रणनीतिक व्यावसायिक विकल्पों के कारण हैं।

xiv. स्थापित क्षमता में कोई वृद्धि नहीं होने के बावजूद, याचिकाकर्ता की नियोजित पूंजी में तेजी से वृद्धि हुई है, जो खराब परिसंपत्ति उपयोग और संभावित रूप से अदक्ष निवेश निर्णयों का संकेत देती है। सूचीबद्ध मूल्यह्रास और ब्याज लागत भी असमान रूप से बढ़ी है, जो वित्तीय बोझ को और बढ़ा रही है और बाहरी प्रतिस्पर्धी दबाव के बजाय आंतरिक वित्तीय कुप्रबंधन को दर्शाती है।

ज.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

56. वर्तमान जांच के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा किए गए क्षति संबंधी अनुरोध और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए अनुरोध निम्नलिखित हैं:

i. क्षति की कमी के बारे में हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण हैं और घरेलू उद्योग को हानि दर्शाने वाले साक्ष्य की समग्रता पर विचार करने में विफल रहते हैं। हालांकि यह सच है कि क्षति के कुछ पहलुओं में सुधार हुआ है, भारतीय पाटनरोधी कानूनों और डब्ल्यूटीओ करार के तहत क्षति विश्लेषण केवल कुछ मापदंडों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पाटित आयातों के प्रभाव, कीमत प्रभाव, बाजार हिस्सेदारी के क्षरण और घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए एक समग्र मूल्यांकन किया जाना है। कुछ मापदंडों में केवल सुधार पाटित आयातों के कारण होने वाली सामग्री की क्षति को नकारता नहीं है, और न ही यह आगे की क्षति के जोखिम को दूर करता है।

ii. पहले से दर्ज आंकड़ों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि घरेलू उद्योग मात्रा और कीमत मापदंडों के संबंध में गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। संबद्ध आयात द्वारा काफी कीमत न्यूनीकरण/कीमत ह्रास है और कम कीमत पर बिक्री भी सकारात्मक और काफी है।

iii. क्षमता उपयोग, लाभप्रदता, आरओसीई, नकदी प्रवाह, बाजार हिस्सेदारी आदि की तुलना में घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।

iv. आयात द्वारा लगाए गए निरंतर कीमत दबाव के कारण, घरेलू उद्योग संबद्ध सामानों को लागत से कम पर बेचने के लिए मजबूर है।

v. घरेलू उद्योग पर अपने ग्राहकों द्वारा आयात कीमतों का मिलान करके अपनी कीमतों को कम करने के लिए लगातार दबाव डाला जाता है और ऐसे कई उदाहरण हैं जहां इसके ग्राहकों ने घरेलू उद्योग से आयात कीमतों का मिलान करने की मांग करते हुए पहले से ही ऑर्डर को रोक दिया है। इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने अपने ग्राहकों के साथ इस तरह की कुछ ईमेल बातचीत प्रस्तुत की है, जिसमें ग्राहकों ने उन्हें आयात कीमतों का मिलान करने के लिए कहा है और कुछ मामलों में कीमत में कमी होने तक ऑर्डर को रोक दिया है।

vi. जहां जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हुई है, वहीं घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है। इसके विपरीत, चीन जन.गण. की बाजार हिस्सेदारी में काफी वृद्धि हुई है, जो भारत में कुल मांग का दो तिहाई से अधिक है।

vii. चीन जन.गण. से आयात में बहुत तेज वृद्धि हुई है, जो मांग में वृद्धि से अतिरिक्त और अधिक है। दूसरी ओर, घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि विशुद्ध रूप से मांग में वृद्धि के कारण है। यह भी अनुरोध है कि घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि मांग में वृद्धि और आयात में वृद्धि की तुलना में कम है।

viii. जबकि कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने सुनवाई के दौरान तर्क दिया कि आयात में वृद्धि और घरेलू उद्योग को होने वाली हानियों के बीच कोई संबंध नहीं है, यह अनुरोध किया जाता है कि आयात की ऐसी अवधि के दौरान उल्लिखित लागत को ध्यान में रखे बिना इस तरह के अनुरोध अर्थहीन हैं।

ix. घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग और लाभप्रदता और आरओसीई पर परिणामी प्रभाव के बीच एक सीधा संबंध मौजूद है। आधार वर्ष की तुलना में 2022-23 के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता उपयोग में सुधार हुआ है जिससे घरेलू उद्योग की लाभप्रदता और आरओसीई में सुधार हुआ है। हालांकि, 2023-24 में क्षमता उपयोग में उल्लेखनीय गिरावट आई, जिससे लाभप्रदता और आरओसीई

में उल्लेखनीय गिरावट आई। घरेलू उद्योग फिर से जांच की अवधि में अपनी क्षमता उपयोग में काफी सुधार करने में सक्षम था जिससे जांच की अवधि में लाभप्रदता और आरओसीई में सुधार हुआ। स्पष्ट रूप से, लाभप्रदता के साथ घरेलू क्षमता उपयोग और घरेलू उद्योग के आरओसीई के बीच एक सीधा संबंध मौजूद है। इसी तरह की प्रवृत्ति तब दिखाई देती है जब आयात की सीआईएफ कीमतों और घरेलू उद्योग की लागत के बीच डेल्टा का प्रभाव घरेलू उद्योग के पीबीटी और आरओसीई पर देखा जाता है। घरेलू उद्योग का पीबीटी और आरओसीई एक साथ बढ़ता है जब इसकी लागत और आयात कीमतों के बीच का अंतर बढ़ता है। इसके विपरीत, दोनों मेट्रिक्स में गिरावट आती है क्योंकि यह अंतर कम हो जाता है। यह स्पष्ट रूप से आयात कीमतों और घरेलू उद्योग की लाभप्रदता के बीच सीधा संबंध स्थापित करता है।

x. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने रिकॉर्ड में कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि संबद्ध देश से पाटन को छोड़कर अन्य कारकों के कारण घरेलू उद्योग को कैसे क्षति हुई है। केवल असिद्ध विवरण दिए गए हैं। अत:, हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों को नजरअंदाज करने की आवश्यकता है।

ज.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

57. अनुबंध-II के साथ पठित नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए ..." घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाने वाले कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, इस बात की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा यह कि क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा कीमतों का बहुत अधिक मात्रा में ह्रास हुआ है अथवा कीमत में वृद्धि रूक जाती जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन सूचकांकों जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा

और मार्जिन आदि पर विचार नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार किया गया है।

58. प्राधिकारी द्वारा किया गया क्षति विश्लेषण वर्तमान जांच के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए अनुरोधों को निम्नलिखित रूप में हल करता है।

ज.3.1 पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क. मांग/खपत का मूल्यांकन

59. प्राधिकारी ने भारत में उत्पाद की मांग या प्रत्यक्ष खपत को घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री, अन्य उत्पादकों की अनुमानित बिक्री और सभी स्रोतों से संबद्ध सामानों के आयात के योग के रूप में निर्धारित किया है।

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	जांच की अवधि
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	132	75	168
अन्य उत्पादकों की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	135	60	116
संबद्ध देश से आयात	एमटी	***	***	***	***
अन्य देशों से आयात	एमटी	0	0	0	0
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	106	96	125

60. यह देखा जाता है कि क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध सामानों की मांग में वृद्धि हुई और यह जांच की अवधि में सबसे अधिक थी। घरेलू उद्योग और अन्य उत्पादकों की बिक्री 2022-23 में बढ़ी, उसके बाद 2023-24 में गिर गई तथा जांच की अवधि में बढ़ गई।

61. क्षति जांच अवधि के दौरान आयात में भी वृद्धि हुई है और यह जांच की अवधि में सबसे अधिक थी। हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि आयात में वृद्धि मांग में वृद्धि के कारण हुई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हालांकि आधार वर्ष से

जांच की अवधि में आयात में वृद्धि मांग में वृद्धि से कम है, घरेलू उद्योग की महत्वपूर्ण उत्पादन क्षमता का उपयोग नहीं किया गया है।

ख. पूर्ण और सापेक्ष रूप में आयात

62. क्षति की अवधि और जांच की अवधि में पूर्ण रूप से और सापेक्ष रूप से आयात की मात्रा के बारे में सूचना नीचे दी गई है।

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	जांच की अवधि
संबद्ध देश के आयात	एमटी	456	426	501	538
अन्य आयात	एमटी	0	0	0	0
कुल आयात	एमटी	456	426	501	538
निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध देशों के आयात					
भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	65	168	73
मांग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	88	115	94
कुल आयात	%	100	100	100	100
प्रवृत्ति		100	100	100	100

63. प्राधिकारी नोट करते हैं कि:

क. भारतीय उत्पादन के संबंध में संबद्ध आयात पहले 2022-23 में कम हुए, उसके बाद 2023-24 में बढ़े और अंत में जांच की अवधि में उनमें गिरावट आई।

ख. मांग/खपत के संबंध में संबद्ध आयातों ने भी समान पैटर्न दर्शाया है।

ज.3.2 <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाग</u>

64. नियमावली के अनुबंध II (ii) के अनुसार, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों से काफी कीमत कटौती हुई

है, या क्या इस तरह के आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों को काफी मात्रा तक कम करना या कीमत वृद्धि को रोकने के लिए है, जो अन्यथा काफी मात्रा तक हुई होती।

65. तदनुसार, संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की कीमत कटौती और न्यूनीकरण/ह्रास के संदर्भ में जांच की गई है। इस विश्लेषण के उद्देश्य से, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और निवल बिक्री वसूली (एनएसआर) की तुलना संबद्ध देश से संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत के साथ की गई है।

क. कीमत कटौती

66. घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना जांच की अवधि के लिए आयात की पहुंच कीमत से करके कीमत कटौती का निर्धारण किया गया है। नीचे दी गई तालिका संबद्ध देश से कीमत कटौती को दर्शाती है।

विवरण	यूओएम	मूल्य
पहुंच कीमत	रु./एमटी	***
निवल बिक्री प्राप्ति	रु./एमटी	***
कीमत कटौती	रु./एमटी	***
कीमत कटौती	%	***
कीमत कटौती	% रेंज	नगण्य

67. यह देखा जाता है कि जांच की अवधि में संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से मामूली रूप से अधिक है जिसके परिणामस्वरूप नकारात्मक कीमत कटौती हुई।

68. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि वे अपने ग्राहकों द्वारा आयात कीमतों का मिलान करके कीमतों को कम करने के लिए लगातार दबाव डाल रहे हैं और ऐसे कई उदाहरण हैं जहां उनके ग्राहकों ने घरेलू उद्योग से आयात कीमतों का मिलान करने की मांग करते हुए पहले से ही ऑर्डर को रोक दिया है। इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने अपने ग्राहकों के साथ ईमेल वार्तालाप की नमूना प्रतियां सबूत के रूप में प्रस्तुत की हैं, जहां ग्राहकों ने उन्हें आयात कीमतों का मिलान करने के लिए कहा है और कुछ मामलों में, कीमत में कमी आने तक ऑर्डर को रोक दिया है।

ख. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

69. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों का ह्रास रहे हैं या क्या इस तरह के आयातों का प्रभाव कीमतों को काफी हद तक कम करना है या कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य प्रक्रिया में हुई होती, क्षति की अवधि में लागतों और कीमतों में परिवर्तनों की तुलना निम्नलिखित रूप में की गई है।

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	जांच की अवधि
पहुंच मूल्य	रु./एमटी	14,69,288	17,59,638	10,15,382	8,01,233
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	120	69	55
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	85	83	49
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	64	47

70. यह देखा जाता है कि संबद्ध देश से आयात घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से कम बने हुए हैं। कम कीमत वाले आयात ने घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री लागत से कम कीमत पर संबद्ध सामान बेचने के लिए मजबूर किया है। पाटित आयात घरेलू उद्योग की कीमतों का न्यूनीकरण और ह्रास कर रहे हैं।

71. जहां तक हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध का संबंध है कि आयातों की पहुंच कीमत में गिरावट बिक्री की लागत में गिरावट के अनुरूप है और आयात कीमत में कमी उत्पाद की बिक्री की लागत में गिरावट को दर्शाती है न कि पाटन के कारण, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हालांकि उत्पादन की लागत में गिरावट आई है, आयात का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से लगातार काफी कम है।

ज.3.3 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर प्रभाव

72. घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर नीचे चर्चा की गई है।

क क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री

73. क्षति की अवधि में क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री के संबंध में सूचना इस प्रकार हैः

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	जांच की अवधि
संस्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	143	72	210
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	139	71	207
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	132	75	168

74. प्राधिकारी नोट करते हैं किः-

क. घरेलू उद्योग की क्षमता क्षति की जांच अवधि के दौरान समान रही है। हालाँकि, घरेलू उद्योग में महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमताएँ हैं।

ख. घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री में 2022-23 में वृद्धि हुई, उसके बाद वर्ष 2023-24 में गिरावट आई और जांच की अवधि में वृद्धि हुई।

ख. बाजार हिस्सा

75. इस अवधि में आयात और भारतीय उद्योग की बाजार हिस्सेदारी के बारे में सूचना इस प्रकार थीः

बाजार हिस्सा	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	जांच की अवधि
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	124	78	134
अन्य उत्पादक	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	127	62	92
संबद्ध देश से आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	88	114	94
अन्य देशों से आयात	%	0	0	0	0

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	0	0	0	0

76. प्राधिकारी नोट करते हैं किः -

क. घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी 2022-23 में बढ़ी, लेकिन उसके बाद 2023-24 में गिरावट आई, और फिर से जांच की अवधि में बढ़ गई। कुल मिलाकर, क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई।

ख. चीन जन.गण. से आयात की बाजार हिस्सेदारी पहले 2022-23 में घटी, उसके बाद 2023-24 में बढ़ी और अंत में जांच की अवधि के दौरान गिरावट आई। कुल मिलाकर, क्षति की अवधि के दौरान चीन जन.गण.से आयात की बाजार हिस्सेदारी में मामूली गिरावट आई।

ग. संबद्ध देश से आयातों का भारतीय बाजार में अधिकतर बाजार हिस्सेदारी पर नियंत्रण है।

घ. जांच की अवधि के दौरान बेहतर मात्रा मापदंडों के बारे में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से आयातों का घरेलू उद्योग में काफी अनुपयुक्त क्षमताओं के बावजूद अधिकतर बाजार हिस्सेदारी पर नियंत्रण है। इसके अलावा, अन्य भारतीय उत्पादकों की बाजार हिस्सेदारी में भी गिरावट आई है।

ग. लाभप्रदता, नकद लाभ, और निवेश पर आय

77. लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ के बारे में सूचना इस प्रकार हैः

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**जांच की अवधि**
लाभ/(हानि)	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-43	-140	-57
लाभ/(हानि)	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-56	-106	-97
नकद लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-36	-142	-52
नकद लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-47	-108	-83
आरओसीई	%	***	***	***	***

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-31	-95	-32

78. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की प्रति यूनिट हानि में 2023-24 में वृद्धि हुई और उसके बाद जांच की अवधि के दौरान उसमें गिरावट आई। पीबीआईटी, नकद लाभ और आरओसीईई में भी इसी तरह की प्रवृत्ति देखी गई है। घरेलू उद्योग पूरी क्षति जांच अवधि में लगातार हानियों में है।

79. घरेलू उद्योग के बेहतर वित्तीय निष्पादन के संबंध में, यह भी नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में वृद्धि हुई है जब भी उनकी क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है और क्षमता उपयोग में गिरावट के साथ गिरावट आई है। इस प्रकार, आयात की उच्च मात्रा से घरेलू उद्योग की क्षमताओं का कम उपयोग होता है, जिससे घरेलू उद्योग को हानियां होती हैं।

80. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध करने के संबंध में कि स्थापित क्षमता में कोई वृद्धि नहीं होने के बावजूद, याचिकाकर्ता की नियोजित पूंजी में तेजी से वृद्धि हुई है, जो खराब परिसंपत्ति उपयोग और संभावित रूप से अदक्ष निवेश निर्णयों का संकेत देता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उद्योग संबद्ध सामानों और अन्य उत्पादों के निर्माण के लिए सामान्य संयंत्र का उपयोग करते हैं जो वर्तमान जांच में शामिल नहीं हैं। संबद्ध सामानों के उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि के कारण नियोजित उच्च पूंजी के विभाजन, कीमत ह्रास और संबद्ध सामानों के प्रति ब्याज लागत में वृद्धि हुई।

घ. मालसूची

81. मालसूची के संबंध में सूचना निम्नानुसार है:

विवरण	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**जांच की अवधि**
आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	2350	3809	7864

82. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की औसत मालसूची में क्षति की अवधि के दौरान काफी वृद्धि हुई है।

ड. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

83. क्षति की अवधि में रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता के बारे में सूचना इस प्रकार हैः

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	जांच की अवधि
कर्मचारियों की संख्या	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	125	142	140
वेतन एवं मजदूरी	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	170	107	337
प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी/दिन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	144	74	211
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी/कर्मचारी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	114	51	150

84. क्षति की अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई। उन्हें प्रदत्त में भी वृद्धि हुई है। प्रतिदिन और प्रति कर्मचारी उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

च. वृद्धि

85. वृद्धि संबंधी सूचना नीचे दी गई हैः –

वृद्धि	यूओएम	2022-23	2023-24	जांच की अवधि
क्षमता	%	0%	0%	0%
उत्पादन	%	43%	-50%	193%
घरेलू बिक्री	%	32%	-43%	124%
लाभ/(हानि) (रु./एमटी)	%	57%	-229%	59%
नकद लाभ (रु./एमटी)	%	64%	-291%	63%
आरओसीई	%	69%	-207%	74%

86. प्राधिकारी नोट करते हैं कि हालांकि घरेलू उद्योग ने लाभप्रदता, नकद लाभ और आरओसीई आदि जैसे सभी कीमत मापदंडों के संदर्भ में जांच की अवधि में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है, फिर भी उन्हें हानियां हो रही हैं। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग आदि जैसे मात्रात्मक मापदंडों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।

छ. पाटन की मात्रा

87. पाटन की मात्रा इस बात का संकेतक है कि भारत में आयात किस तक पाटित किया जा रहा है। जाँच से पता चला है कि जाँच की अवधि में पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

ज. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

88. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा लाभप्रदता और नियोजित पूंजी पर आय नकारात्मक रही है। जाँच और क्षति जाँच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग घाटे में था। इसने पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता को प्रभावित किया है।

झ. घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

89. आयात कीमत की जांच से पता चलता है कि संबद्ध देश से आयात कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से वास्तविक रूप से कम है। चूंकि संबद्ध देश से आयात इस तरह की कीमतों पर घरेलू बाजार में आते हैं, अत घरेलू उद्योग अपनी कीमतें बिक्री की लागत में वृद्धि के अनुरूप रखने में अक्षम रहा है।

त्र. क्षति संबंधी अवलोकन

90. घरेलू उद्योग के विचाराधीन उत्पाद के आयात और निष्पादन की जांच से पता चलता है किः

- क. संबद्ध देश के निर्यातक पाटित कीमतों पर भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात कर रहे हैं। निर्धारित पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।
- ख. संबद्ध देश से आयात पूर्ण रूप से काफी बढ़ गया है।
- ग. कीमत कटौती नकारात्मक है। प्राधिकारी घरेलू उद्योग के इस अनुरोध को नोट करते हैं कि देश में बढ़ते आयात और आयात कीमतों से मेल

खाने के लिए अपने ग्राहकों के दबाव के कारण उसे अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

घ. संबद्ध देश से आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों न्यूनीकरण और ह्रास किया है।

ड. घरेलू उद्योग को काफी हानियां हो रही हैं।

च. घरेलू उद्योग पर्याप्त आय प्राप्त करने में अक्षम रहा है। वास्तव में, आरओसीई नकारात्मक रहा है।

छ. संबद्ध देश से आयात ने घरेलू उद्योग को अच्छा निष्पादन नहीं करने दिया है और इस प्रकार, घरेलू उद्योग को निरंतर हानियां हुई हैं।

ज.4 <u>गैर-आरोपण विश्लेषण (अन्य कारक)</u>

91. प्राधिकारी ने यह जांच की कि क्या पाटनरोधी नियमावली के तहत सूचीबद्ध अन्य कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। प्राधिकारी पाटित को छोड़कर अन्य ज्ञात कारकों की जांच की और यह पता लगाया कि क्या ये एक ही समय में घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं, ताकि अन्य, यदि कोई हो, के कारण होने वाली क्षति पाटित आयातों के कारण न हो। इस संबंध में संगत कारकों में, अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित कीमतों पर नहीं बेचे संबद्ध सामानों की मात्रा, मांग में संकुचन या खपत के पैटर्न में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल हैं।

(क) तीसरे देशों से आयात की मात्रा और कीमतें

92. अन्य देशों से उत्पाद का कोई आयात विचाराधीन नहीं है। इसलिए, अन्य देशों से आयात से घरेलू उद्योग को कोई क्षतिनहीं हो सकती।

(ख) मांग में संकुचन और खपत के पैटर्न में परिवर्तन

93. क्षति की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है। इसलिए, मांग में गिरावट घरेलू उद्योग को क्षति का संभावित कारण नहीं है।

(ग) प्रौद्योगिकी में विकास

94. संबंधित उत्पाद के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है। इस प्रकार, प्रौद्योगिकी में विकास भी घरेलू को क्षति पहुंचाने वाला कारक नहीं है।

(घ) प्रतिस्पर्धा की शर्तें और व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां

95. ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटी नहीं है, जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकती है क्योंकि कच्ची सामग्री तथा संबद्ध आयात देश में स्वतंत्र रूप से आयात किए जा सकते हैं।

(ङ) घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

96. इस क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से केवल घरेलू उद्योग के घरेलू निष्पादन पर विचार किया गया है। इसलिए, निर्यात बाजार में निष्पादन से वर्तमान क्षति विश्लेषण किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हुआ है।

(च) अन्य उत्पादों का निष्पादन

97. घरेलू उद्योग ने समान वस्तु के लिए क्षति के आंकड़े प्रदान किए है और इसे प्राधिकारी द्वारा क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से अपनाया गया है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे जाने वाले अन्य उत्पादों के निष्पादन पर विचार नहीं किया गया है। इसलिए, उत्पादित और बेचे जाने वाले अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति का संभावित कारण नहीं है।

98. इस प्रकार यह नोट किया जाता है कि अन्य कारक यह नहीं दर्शाते हैं कि इन अन्य कारकों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है।

ज.5 <u>क्षति मार्जिन का निर्धारण</u>

99. प्राधिकारी ने यथासंशोधित, अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत निर्धारित की है। जांच की अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर विचाराधीन उत्पाद की क्षतिरहित कीमत निर्धारित की गई है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देशों से पहुंच कीमत की तुलना के लिए क्षतिरहित कीमत पर विचार किया गया है। यही व्यवहार यूटिलिटियों के साथ किया गया है। क्षति की अवधि में उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पादन की लागत पर कोई असाधारण या गैर-आवर्ती व्यय नहीं लगाया गया था। विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी

(अर्थात, औसत निवल अचल परिसंपत्ति एवं औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित आय (कर-पूर्व @ 22%) को नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित क्षतिरहित कीमत निकालने के लिए अनुमति दी गई थी।

100. पहुंच कीमत और ऊपर निर्धारित क्षतिरहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षति का अंतर नीचे दी गई तालिका में दिया गया है।

उत्पादक/निर्यातक का नाम	**क्षतिरहित कीमत (रु./एमटी)**	**पहुंच मूल्य (रु./एमटी)**	**क्षति मार्जिन (रु./एमटी)**	**क्षति मार्जिन %**	**क्षति मार्जिन % रेंज**
यानचेंग सिटी डोंगगैंग फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट कं, लिमिटेड	***	***	***	***	50-60
लिनहाई हुआनान केमिकल कं, लिमिटेड	***	***	***	***	60-70
झेजियांग तियान्यू फार्मास्युटिकल कं, लिमिटेड	***	***	***	***	50-60
अन्य सभी	***	***	***	***	80-90

झ. <u>कारणात्मक संपर्क की जांच</u>

101. प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या पाटन के प्रभावों के माध्यम से चीन जन.गण. से पाटित आयात, घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं, और निम्नलिखित नोट करते हैं।

i. संबद्ध देश से पाटित आयात जांच की अवधि में अपने उच्चतम स्तर *** एमटी तक पहुंच गये, जिसने कुल भारतीय मांग के 64% पर कब्जा कर लिया, और घरेलू उद्योग क्षति की जांच अवधि के दौरान नकारात्मक नकद लाभ और नकारात्मक आरओसीई के साथ हानियों में रहा।

ii. जांच की अवधि में पाटित आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से कम था, जिससे घरेलू उद्योग को लागत से कम बेचने और जांच की अवधि में हानियां उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

iii. घरेलू उद्योग ने आयात कीमतों से मिलान करने के लिए अपने ग्राहकों से पत्रों को रिकॉर्ड में रखा है और वे उदाहरण दिए हैं, जिनमें कीमत कम होने तक ऑर्डर रोक कर रखे गये थे।

iv. घरेलू उद्योग का प्रति-इकाई घाटा तब बढ़ गया है जब इसकी बिक्री लागत और पाटित आयातों के पहुंच मूल्य के बीच का अंतर बढ़ गया था, और जब अंतर कम हो गया था तो वह घट गया है, जो यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता उस कीमत से नियंत्रित होती है जिस पर पाटित आयात भारतीय बाजार में आते हैं।

v. पाटित आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों को उसकी उत्पादन लागत से नीचे ले गये हैं।

vi. भारतीय मांग में वृद्धि के बावजूद, चीन जन.गण. से आयात का हिस्सा जांच की अवधि में 64% पर प्रभावी रहा है, जबकि घरेलू उद्योग का हिस्सा केवल 20% था, जो दर्शाता है कि घरेलू उद्योग बाजार हिस्से में वृद्धि के अनुरूप मांग बाजार वृद्धि करने में अक्षम रहा है।

102. उपर्युक्त को और उपर्युक्त पैरा में गैर-आरोपण विश्लेषण को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि चीन जन.गण. से पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क है।

त्र. भारतीय उउद्योग के हित और अन्य मुद्दे

त्र.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

103. गोपनीयता के संबंध में वर्तमान जांच के दौरान अन्य अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोध और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए अनुरोध इस प्रकार हैं:

i. पाटनरोधी शुल्क लगाना पाटन या क्षति के अस्तित्व का एक यांत्रिक परिणाम नहीं है; बल्कि, यह पाटनरोधी नियमावली के नियम 17 (3) के तहत जनहित के व्यापक मूल्यांकन के अध्यधीन है। सार्वजनिक हित व्यापार उपचार कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षण है और यह सुनिश्चित करता है कि शुल्क घरेलू उपभोक्ताओं, निचले स्तर के उद्योगों या व्यापक आर्थिक लक्ष्यों को अनुचित रूप से हानि न पहुंचाएं। चीन जन.गण. से ब्रोमो ओटीबीएन के आयात से संबंधित वर्तमान मामले में, पाटनरोधी शुल्क लगाना स्पष्ट रूप से सार्वजनिक हित के लिए हानिकारक होगा।

ii. ब्रोमो ओटीबीएन एक महत्वपूर्ण मध्यवर्ती रसायन है जिसका उपयोग दवाओं के "सरतान" वर्ग से संबंधित कई सक्रिय औषधीय अवयवों (एपीआई) के संश्लेषण में किया जाता है। ये एपीआई व्यापक रूप से निर्धारित एंटीहाइपरटेंसिव दवाओं जैसे कि वालसार्टन, टेलमिसार्टन, इरबेसार्टन और लोसार्टन के निर्माण के लिए आवश्यक हैं, जिनका उपयोग मधुमेह के रोगियों में उच्च रक्तचाप, हृदय की विफलता और गुर्दे की बीमारी के इलाज के लिए किया जाता है। इन दवाओं को आवश्यक दवाओं की सूची में सूचीबद्ध किया गया है, और उनकी सस्ती उपलब्धता भारत में महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय है। प्रमुख मध्यवर्ती (ब्रोमो ओटीबीएन) पर शुल्क लगाने से भारतीय एपीआई निर्माताओं के लिए इनपुट लागत सीधे बढ़ेगी, जिससे इन महत्वपूर्ण दवाओं की उत्पादन लागत में वृद्धि होगी।

iii. भारतीय दवा उद्योग, विशेष रूप से एपीआई निर्माताओं के पास ब्रोमो ओटीबीएन के लिए सीमित घरेलू सोर्सिंग विकल्प हैं। क्षमता की कमी, लागत कारकों और आपूर्ति की विश्वसनीयता के कारण याचिकाकर्ता, नियोजेन केमिकल्स लिमिटेड या किसी अन्य भारतीय उत्पादक द्वारा पूरी मांग को पूरा नहीं किया जा सकता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, याचिकाकर्ता की घरेलू बिक्री मांग वृद्धि की बराबरी करने में असमर्थ थी, और बाजार की जरूरतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा किया गया है। शुल्क के माध्यम से इन आयातों को अवरुद्ध करने या बोझ डालने से अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पैदा होगा।

iv. घरेलू उद्योग (80-90% पाटन मार्जिन और 70-80% क्षति मार्जिन) द्वारा दावा किए गए उच्च पाटनरोधी शुल्क को लागू करने से यह आवश्यक कच्चा माल निषेधात्मक रूप से महंगा हो जाएगा। इससे महत्वपूर्ण दवाओं की उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जो वांछनीय नहीं है।

v. यह भी उजागर करना महत्वपूर्ण है कि अंतिम दवा उत्पादों के लिए घरेलू उत्पादन क्षमता की कोई कमी नहीं है। इसके विपरीत, ब्रोमो ओटीबीएन के आयात में वृद्धि ने भारत में एपीआई के अधिक कुशल और लागत प्रभावी उत्पादन को सक्षम बनाया है। संरक्षणवादी व्यापार उपायों के माध्यम से इस आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी व्यवधान से केवल एक घरेलू आपूर्तिकर्ता को लाभ होगा, जबकि दर्जनों निचले स्तर के प्रयोक्ताओं और लाखों रोगियों को नुकसान होगा और यह सार्वजनिक हित के विरुद्ध होगा।

vi. यदि घरेलू उद्योग के पास बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता नहीं है, तो आयात केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि निचले स्तर के दवा उद्योग के लिए आपूर्ति घाटे को रोकने के लिए एक आवश्यकता है।

त्र.2. <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

104. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. बाजार से उपलब्ध सूचना के अनुसार, अंतिम प्रयोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्कों का नगण्य प्रभाव पड़ेगा। विचाराधीन उत्पाद का प्रयोग मुख्य रूप से फार्मास्युटिकल एपीआई के निर्माण और अन्य पायराजोलिन और संबंधित व्युत्पन्नों के संश्लेषण में किया जाता है। इस तरह के उत्पादों की कीमत 8,000 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 14,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक है। यह नोट करना व्यावहारिक है कि अंतिम कीमत संबद्ध सामानों की कीमत पर निर्भर नहीं है। यह इस तथ्य से सिद्ध है कि क्षति की अवधि में संबद्ध सामानों की कीमतें घटकर आधी हो गई हैं, तथापि, आवेदक के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार निचले स्तर के उत्पादों की बिक्री कीमतों में ऐसी कोई गिरावट नहीं आई है।

ii. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया यह अनुरोध कि शुल्क लगाना जनहित में नहीं होगा, गलत है क्योंकि यह गलत आधार पर आधारित है।

iii. शुल्क लगाना न केवल देश में संबद्ध सामानों के उत्पादकों के बने रहने के लिए मौलिक होगा बल्कि इससे सामान्य जनहित का काम भी होगा।

iv. जांच की अवधि से पूर्व, निम्नलिखित उद्योग आवेदक के अलावा, भारत में संबद्ध सामानों का उत्पादन कर रहे थेः

क) सौरव केमिकल्स
ख) एस. वी. लैब्स
ग) ईथर इंडस्ट्रीज लिमिटेड
घ) विजयश्री ऑर्गेनिक्स
ड.) एलिमेंट केमलिंक

v. तथापि, सौरव केमिकल्स जैसे प्रमुख उत्पादकों सहित उपरोक्त सभी विनिर्माताओं ने या तो उत्पादन में गंभीर कटौती की है या संबद्ध सामानों का

उत्पादन पूरी तरह से बंद कर दिया है। यह गंभीर स्थिति सीधे तौर पर घरेलू उत्पादन लागत से काफी नीचे पहुंच मूल्य पर कीमत वाले पाटित आयातों से उत्पन्न होती है, जिससे निरंतर प्रचालन आर्थिक रूप से अस्थिर हो जाते हैं। कुछ शेष उत्पादक केवल प्रमुख ग्राहकों को बनाए रखने के लिए बने रहते हैं, बाजार की उपस्थिति बनाए रखने के लिए एक हताश बोली में गंभीर हानियार उठाते हैं।

vi. यह अनुरोध किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्कों की अनुपस्थिति में, घरेलू उत्पादकों के पास पूरी तरह से दुकान बंद करने, घरेलू क्षमता को समाप्त करने और निचल स्तर के प्रयोक्ताओं को पूरी तरह से संबद्ध देश से आयातों पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

vi. यह भी अनुरोध किया जाता है कि संबद्ध सामान मुख्य रूप से केवल संबद्ध देश और भारत में उत्पादित किए जाते हैं। घरेलू उद्योगों के संरक्षण की आवश्यकता जहां वैश्विक आपूर्ति अत्यधिक केंद्रित है और जहां पहुंच से इनकार करने से तत्काल और विषम राष्ट्रीय लागतें लागू होंगी, भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण (2025-26) में उपयुक्त रूप से उजागर किए गए संगत उद्धरण नीचे दिए गए हैंः

"16.33। इस स्तर [टियर I] में सामान, घटक और प्रौद्योगिकियां शामिल हैं जहां पहुंच से इनकार करने से तत्काल और असमान राष्ट्रीय लागतें लागू होंगी, और जहां वैश्विक आपूर्ति अत्यधिक केंद्रित है। विशिष्ट उदाहरणों में रक्षा-महत्वपूर्ण प्रणालियाँ, मुख्य बुनियादी ढांचा निवेश, ऊर्जा सुरक्षा घटक, सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक वस्तुएं और मूलभूत औद्योगिक प्रौद्योगिकियां शामिल हैं।

16.34. टियर I मदों के लिए, उद्देश्य तनाव में उपलब्धता सुनिश्चित करना है, न कि अल्पकालिक दक्षता। घरेलू उत्पादन उचित हो सकता है, भले ही यह शुरू में महंगा हो... "

viii. यह नोट करना भी व्यावहारिक है कि संबद्ध सामानों के किसी भी प्रयोक्ता ने शुल्क लगाने के लिए वर्तमान आवेदन-पत्र का विरोध नहीं किया है। संबद्ध सामानों प्रयोक्ताओं द्वारा विरोध का अभाव भी स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है

कि प्रयोक्ता इस उद्योग की विकट स्थिति और शुल्क लगाने की आवश्यकता से भी अवगत हैं।

ञ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

105. प्राधिकारी नोट करते हैं कि व्यापार उपचारात्मक उपायों का प्राथमिक उद्देश्य अनुचित व्यापार परिपाटियों द्वारा घरेलू उद्योग को होने वाले क्षतिकारक प्रभावों का मुकाबला करना और भारतीय बाजार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बहाल करना है, जो देश के सामान्य हित में है। व्यापार उपचारात्मक उपायों का उद्देश्य संबद्ध देश से आयात को सीमित करना नहीं है। इसके विपरीत, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालते हैं कि उपायों के सकारात्मक प्रभाव घरेलू उद्योग के और बिगड़ने को रोकते हैं, जिससे संबद्ध सामानों के उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी और विविधिकृत आपूर्ति बनी रहती है।

106. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए जांच शुरुआत अधिसूचना जारी की। प्राधिकारी ने प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं को उनके प्रचालनों के संबंध में उपायों के किसी भी संभावित प्रभाव सहित वर्तमान जांच के बारे में संगत सूचना प्रदान करने के लिए एक प्रश्नावली भी निर्धारित की। विभिन्न देशों के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद की परस्पर परिवर्तनीयता, उपभोक्ताओं पर उपायों के प्रभाव आदि के संबंध में अन्य बातों के साथ-साथ सूचना मांगी गई थी। प्राधिकारी ने एक आर्थिक हित प्रश्नावली निर्धारित की थी जिसे इस जांच के लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को भेजा गया था। केवल घरेलू उद्योग और प्रतिभागी निर्यातक ने आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर दिया है। किसी भी प्रयोक्ता और आयातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया।

107. प्राधिकारी यह मानते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आवश्यक दवाओं की लागत में वृद्धि के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए, प्रस्तावित उपाय से उत्पन्न होने वाली वृद्धिशील लागत का कोई भी अनुमान, किसी भी मात्रात्मक सामग्री को रिकॉर्ड पर नहीं रखा है। घरेलू उद्योग ने भी प्रभाव की मात्रा निर्धारित नहीं की है, यह दर्ज करते हुए कि "अंतिम उपयोग वाले उत्पादों पर शुल्क के प्रभाव की सटीक मात्रा निर्धारित करना बेहद मुश्किल है"। संबद्ध सामानों के प्रयोक्ता जो इस तरह के प्रभाव की मात्रा निर्धारित करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं, उन्होंने जांच में भाग नहीं लिया है और न तो उपाय का विरोध किया है और न ही किसी भी चिंता को रिकॉर्ड में रखा है। तथापि, प्राधिकारी ने अंतिम उत्पादों में से एक अर्थात उपलब्ध सूचना के आधार पर उपभोक्ताओं/रोगियों के लिए लोसार्टन 50 मिलीग्राम की गोलियों पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव की मात्रा निर्धारित की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

विवरण	विवरण	टिप्पणियां
1 किलोग्राम लोसार्टन पोटेशियम के लिए ब्रोमो-ओटीबीएन की आवश्यकता।	1.15 किग्रा.	एसआईओएन मानदंडों के अनुसार
अपेक्षित पाटनरोधी शुल्क (पाटन मार्जिन)	डॉ.5,688/- एमटी	सहयोगी उत्पादकों का औसत पाटन मार्जिन
1 किलो लोसार्टन लागत (रु.) का प्रभाव	621.41	विनिमय दर 95 रु. प्रति डॉलर
1 टैबलेट 50 एमजी पर प्रभाव (रु.)	0.03	50 एमजी की सामान्य खुराक
मासिक लागत पर प्रभाव (रु.)	0.93	30 टैबलेट के लिए
लोसार्टन 50एमजी 30 टैबलेट की एमआरपी लगभग (रु.)	150	
एमआरपी के प्रतिशत के रूप में रोगियों पर प्रभाव	0.62%	

108. यह देखा जाता है कि उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्कों का प्रभाव नगण्य है। प्राधिकारी घरेलू उद्योग के इस अनुरोध को भी नोट करते हैं कि संबद्ध सामानों का उपयोग करके निर्मित निचले स्तर के उत्पाद भारत सरकार के कीमत नियंत्रण उपायों के अध्यधीन हैं। प्राधिकारी द्वारा सिफारिश किए हुए किसी भी उपाय को किसी भी स्थिति में कमतर शुल्क नियम को लागू करके जांचा जाएगा ताकि घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दूर करने के लिए आवश्यक से अधिक न हो। पूर्वोक्त को ध्यान में रखते हुए, और निचले स्तर के प्रयोक्ता या अंतिम उपभोक्ताओं पर वास्तविक प्रतिकूल प्रभाव दर्शाने वाले किसी भी मात्रात्मक साक्ष्य के अभाव में, प्राधिकारी का यह मत है कि वर्तमान जांच के तथ्यों पर पाटनरोधी उपाय लागू करना व्यापक सार्वजनिक हित के अनुरूप है, जिसमें एक आवश्यक दवा मध्यवर्ती के लिए एक व्यवहार्य घरेलू विनिर्माण आधार बनाए रखने का हित भी शामिल है, जहां वैश्विक आपूर्ति कुछ देशों में अत्यधिक केंद्रित है।

109. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध सामानों की घरेलू मांग और उपलब्ध स्वदेशी उत्पादन क्षमता के बीच एक अंतर मौजूद है। तथापि, प्राधिकारी यह स्पष्ट करते हैं कि मांग-आपूर्ति अंतराल की मौजूदगी, अपने आप में, पाटनरोधी उपाय के लिए मामले को विस्थापित नहीं करता है। वर्तमान जांच का विषय यह नहीं है कि क्या संबद्ध सामानों का आयात होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि इस तरह के आयात किस कीमत पर होते हैं। प्राधिकारी की जांच ने यह सिद्ध किया है कि संबद्ध देश से आयात घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से कम कीमतों पर भारतीय बाजार में आए हैं, इस तरह के आयात ने घरेलू कीमतों का न्यूनीकरण और ह्रास किया है और यह

कि घरेलू उद्योग को तदनुसार अलाभकारी कीमतों पर संबद्ध सामानों की बिक्री करने के लिए और उत्पादन और बिक्री की मात्रा में वृद्धि के बावजूद निरंतर हानियां उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। आपूर्ति अंतराल को उचित कीमतों पर आयात के माध्यम से पूरा किया जा सकता है, जब क्षतिकारक पाटन ठीक किया जाए।

110. प्राधिकारी का मानना है कि अन्य भारतीय उत्पादकों द्वारा उत्पादन में कटौती या रोक लगाने के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किया गया अनुरोध रिकॉर्ड में उपलब्ध समर्थक साक्ष्य के साथ प्रमाणित नहीं किया गया है। तदनुसार, प्राधिकारी इस अनुरोध पर जांच परिणाम दर्ज करने की स्थिति में नहीं है। इस तथ्य पर विचार करते हुए कि संबद्ध सामानों के आयात घरेलू उद्योग की लागत से काफी कम पर हो रहे हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की स्थिति संबद्ध देश से आयातों के कारण सुभेद्य है। घरेलू उद्योग को जांच की अवधि सहित क्षति की अवधि में हानियां हो रही थीं।

ट. प्रकटन पश्चात टिप्पणियां

ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

111. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन विवरण के संबंध में निम्नलिखित टिप्पणियां प्रस्तुत की गई हैं:

i. प्राधिकारी द्वारा डोंगगांग के लिए प्रकटन की गई निर्यात कीमत और पहुंच मूल्य की अंतिम जॉच परिणाम में पुष्टि की जानी चाहिए। इन निर्धारणों में किसी भी बदलाव की स्थिति में, प्रतिवादी, प्राधिकारी से एक संशोधित प्रकटन विवरण जारी करने और उस पर टिप्पणी करने का अवसर प्रदान करने का अनुरोध करता है।

ii. चीन जनवादी गणराज्य को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में माना जाना जारी रखना कानूनी आधार के बिना है। चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क) का प्रावधान, जो प्रतिनिधि देश पद्धति के उपयोग की अनुमति देता है, 11 दिसंबर 2016 को समाप्त हो गया है। समाप्ति के पश्चात, भारत सहित विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों के लिए यह आवश्यक है कि वे चीन के उत्पादकों की घरेलू कीमतों और लागतों या सत्यापित निर्यातक आकड़ों का उपयोग करके डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2 के अनुसार सामान्य मूल्य का निर्धारण करें। निर्यातक आकड़ों की जांच किए बिना अनुबंध-I के पैरा 7 को

यांत्रिक रूप से लागू करना भारत के डब्ल्यूटीओ दायित्वों के असंगत होगा। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत वास्तविक लागत और कीमत संबंधी जानकारी की जांच करें और उसी आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करें।

iii. लिन्हाई हुआनान केमिकल क. लि. ने वर्तमान जांच में पूर्ण सहयोग दिया है और पूरी जानकारी प्रदान की है। तथापि, प्राधिकारी ने सहयोगी हिस्से के लिए सत्यापित निर्यात कीमत को उन असंबंधित गैर-सहयोगी व्यापारियों के माध्यम से निर्यात की गई मात्रा के लिए उपलब्ध-तथ्यों वाली निर्यात कीमत के साथ जोड़कर भारित औसत निर्यात कीमत का निर्धारण किया है, जिन पर उत्पादक/निर्यातक का कोई नियंत्रण नहीं है। पाटनरोधी नियमावली व्यक्तिगत पाटन मार्जिन के निर्धारण के लिए एक अनिवार्य पूर्व-शर्त के रूप में निर्यात श्रृंखला में प्रत्येक व्यापारी की भागीदारी को निर्धारित नहीं करती है। उपलब्ध-तथ्यों के अनुप्रयोग ने प्रकटन किए गए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन दोनों को कृत्रिम रूप से बढ़ा दिया है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वे केवल सहयोगी कंपनियों द्वारा प्रस्तुत सत्यापित जानकारी के आधार पर ही निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण करें।

iv. चीन जनवादी गणराज्य से होने वाले कथित पाटित आयातों और घरेलू उद्योग द्वारा दावा किए गए वित्तीय नुकसान के बीच कोई प्रमाणित कारणात्मक संबंध नहीं है। घरेलू उद्योग को 2021-22 में भारी घाटा हो रहा था, जो एक ऐसी अवधि थी जब आयात की मात्रा अपने सबसे निचले स्तर पर थी। इसके विपरीत, जांच की अवधि में, जब आयात की मात्रा अपने उच्चतम स्तर पर थी, घरेलू उद्योग का प्रति-इकाई नुकसान आधार वर्ष की तुलना में 40% से अधिक कम हो गया। आयातों के पहुंच मूल्य में गिरावट की दर, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में गिरावट की दर से कम है। यह सिद्ध करता है कि आयात घरेलू उद्योग पर कीमत संबंधी दबाव नहीं डाल रहे हैं।

v. प्राधिकारी ने पाया है कि जांच की अवधि के दौरान चीन जनवादी गणराज्य से होने वाले आयातों से कीमत कटौती ऋणात्मक है, जो यह सिद्ध करता है कि आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से अधिक था। ऐसी परिस्थितियों में, यह नहीं कहा जा सकता कि आयातों ने घरेलू कीमतों में ह्रास या न्यूनीकरण किया है या घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें बढ़ाने से रोका है। इन परिस्थितियों में कीमत संबंधी क्षति का निष्कर्ष रिकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों से असंगत है।

vi. प्राधिकारी द्वारा जांच किए गए आर्थिक मापदंड वास्तविक क्षति की पुष्टि नहीं करते हैं। रिकॉर्ड पर मौजूद आकड़े जांच की अवधि के दौरान प्रमुख मापदंडों में सुधार दिखाता है, जिसमें उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग, उत्पादकता, रोजगार, मजदूरी और बाजार हिस्सेदारी शामिल हैं। लाभप्रदता संकेतक जैसे कि कर-पूर्व लाभ, नकद लाभ, और नियोजित पूंजी पर आय ने भी पिछले वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान सुधार दर्शाया है। जब अधिकांश आर्थिक मापदंड सुधार दर्शाते हैं, तो वास्तविक क्षति का निष्कर्ष न्यायसंगत नहीं है।

vii. क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए औसत नियोजित पूंजी पर एक समान 22% कर-पूर्व आय को अपनाना अत्यधिक है और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के तहत "उचित आय" की अपेक्षा के असंगत है। नियोजित पूंजी में एक ऋण घटक शामिल होता है जिस पर पहले से ही ब्याज लागत लगती है। संपूर्ण पूंजी आधार पर एक समान 22% आय लागू करने के परिणामस्वरूप इक्विटी पर कृत्रिम रूप से बढ़ी हुई आय प्राप्त होती है, जो क्षतिरहित कीमत को बढ़ा देता है और क्षति मार्जिन निर्धारण को विकृत करता है।

viii. चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं में काफी व्यवधान उत्पन्न हुए हैं, जिससे कच्चे माल की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, ऊर्जा और संभार तंत्र लागत में वृद्धि हुई है, और अंतर्राष्ट्रीय परिवहन में अनिश्चितताएं पैदा हुई हैं। इन घटनाक्रमों का ब्रोमो ओटीबीएन सहित रासायनिक मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन, कीमत निर्धारण और आपूर्ति पर सीधा प्रभाव पड़ा है, और यह एक प्रासंगिक गैर-आरोपण कारक है जिसकी जांच प्राधिकारी द्वारा क्षति, कारणात्मक संबंध और जनहित का आकलन करते समय की जानी चाहिए।

ix. घरेलू उद्योग को हुई क्षति, यदि कोई हो, चीन जनवादी गणराज्य से होने वाले कथित पाटित आयातों के अलावा अन्य कारकों के कारण है। घरेलू उद्योग की वर्ष 2024-25 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं, भू-राजनीतिक तनावों, व्यापार नीति की अनिश्चितताओं, बदलती टैरिफ दरों और निरंतर मालसूची समाप्त करने की पहचान प्राथमिक चुनौतियों के रूप में करती है। ये कारक कथित पाटन से पूरी तरह से असंबंधित हैं और इन्हें किसी भी क्षति का मुख्य कारण माना जाना चाहिए।

x. ब्रोमो ओटीबीएन के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाना जनहित के विपरीत होगा। घरेलू उद्योग ने पूरी घरेलू मांग को विश्वसनीय रूप से पूरा करने के

लिए पर्याप्त क्षमता प्रदर्शित नहीं की है। शुल्क लगाने से भारतीय दवा निर्माताओं के लिए इनपुट लागत बढ़ जाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, और सीधे सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े क्षेत्र में आपूर्ति-श्रृंखला के जोखिम उत्पन्न होंगे।

ट.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

112. घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन विवरण के संबंध में निम्नलिखित टिप्पणियां की गई हैं:

i. घरेलू उद्योग प्रकटन विवरण में प्राधिकारी द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से सहमति व्यक्त करता है और प्राधिकारी से अनुरोध करता है कि अंतिम जॉच परिणाम में इन विचारों को इसी प्रकार रखा जाए।

ii. जहां तक प्रकटन विवरण के पैरा 27 और 28 में सीसीसीएमएचपीआईई को एक पात्र हितबद्ध पक्ष माने जाने की पात्रता के संबंध में प्राधिकारी की टिप्पणी का प्रश्न है, यह मुद्दा एक कानूनी मुद्दा है न कि तथ्यों पर कोई विवाद है। यह सिद्ध होता है कि किसी कानूनी कार्य की वैधता से जुड़े मुद्दों पर किसी भी चरण में प्रश्न उठाया जा सकता है और इसे समय-बाधित नहीं माना जा सकता है। जब तक कि हितबद्ध पक्षकार या सीसीसीएमएचपीआईई अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जांच में उक्त पक्ष की स्थिति को सिद्ध नहीं कर देते, तब तक सीसीसीएमएचपीआईई को एक पात्र हितबद्ध पक्षकार के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

iii. जहां तक प्रकटन विवरण में निर्धारित प्रयोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव की गणना का संबंध है, इस प्रभाव की गणना अंतिम उपभोक्ताओं (मरीजों) पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर की गई है। संबद्ध वस्तुओं के डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं पर प्रभाव और भी अधिक मामूली होगा और उनके द्वारा इसे आसानी से अवशोषित किया जा सकता है। यद्यपि डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं पर प्रभाव मामूली होगा, वही संबद्ध वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा, जिससे पीड़ित घरेलू उद्योग को अनिवार्य रूप से पुनर्जीवित किया जा सकेगा।

iv. जहां तक मांग-आपूर्ति के अंतर की उपस्थिति के संबंध में प्राधिकारी की टिप्पणी का संबंध है, वास्तव में भारत में संबद्ध वस्तुओं के लिए कोई मांग-आपूर्ति का अंतर नहीं है। अन्य दो मौजूदा उत्पादकों की क्षमताएं घरेलू उद्योग के लगभग समान हैं। इसके अलावा, अन्य निर्माता जिन्होंने उत्पादन बंद कर दिया है और ब्रोमिनेशन-आधारित दवाओं के निर्माता जैसे कि आरती इंडस्ट्रीज, कम कीमत वाले पाटित आयातों के न होने की स्थिति में, आसानी से संबद्ध वस्तुओं का निर्माण कर सकते थे।

v. जहां तक प्राधिकारी की इस टिप्पणी का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने अन्य भारतीय उत्पादकों द्वारा उत्पादन में कटौती या उसे बंद करने के संबंध में अपने अनुरोध की पुष्टि नहीं की है, प्रत्येक उत्पादक के उत्पादन से जुड़े विवरण गोपनीय हैं और घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध नहीं थे। तथापि, यह अनुरोध लिखित अभ्यावेदनों में किया गया था जिसे सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया गया था, और किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस पर विवाद नहीं किया है। घरेलू उद्योग यह भी अनुरोध करता है कि संबद्ध वस्तुओं के एक उत्पादक, अर्थात् सौरव केमिकल्स ने प्राधिकारी के समक्ष एक अनुरोध प्रस्तुत किया है। यद्यपि प्रक्रियात्मक मुद्दों के कारण उक्त अनुरोध को रिकॉर्ड में नहीं लिया गया है, फिर भी उसमें निहित आकड़ों/जानकारी का उपयोग घरेलू उद्योग के अनुरोध को सत्यापित करने के लिए किया जा सकता है।

vi. घरेलू उद्योग प्राधिकारी से पाटनरोधी शुल्क को एक निश्चित आधार पर लगाने की सिफारिश करने का अनुरोध करता है। क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की कीमतों में महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव यह दर्शाता है कि संदर्भ कीमत-आधारित शुल्क संबद्ध वस्तुओं के आयात के विरूद्ध प्रभावी नहीं हो सकता है।

vii. घरेलू उद्योग प्राधिकारी से अनुरोध करता है कि चीन के निर्यातकों द्वारा किए जा रहे पाटन के कारण घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचने के संबंध में अपने निष्कर्षों को इसी प्रकार रखे, और घरेलू उद्योग को पाटित और क्षतिकारी आयातों से बचाने के लिए जल्द से जल्द पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करे।

ट.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

113. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रकटन-पश्चात अनुरोधों की जांच की है। यह देखा गया है कि इनमें से अधिकांश अनुरोध उन तर्कों और दावों की पुनरावृत्ति हैं जिनकी पहले ही जांच की जा चुकी है और इन अंतिम जॉच परिणाम के संगत पैराग्राफों में आवश्यक सीमा तक उनका समाधान किया जा चुका है। संक्षिप्तता के लिए, प्राधिकारी ने इस प्रकटन-पश्चात जांच में ऐसे अनुरोधों के उत्तरों को दोहराने का परिहार किया है। तथापि, प्रकटन-पश्चात टिप्पणियों में पहली बार उठाए गए नए अनुरोधों, और साथ ही पहले संबोधित किए जा चुके लेकिन आगे जांच के लिए आवश्यक समझे गए अनुरोधों को नीचे संबोधित किया गया है।

114. लिन्हाई ग्रुप के इस अनुरोध के संबंध में कि चीन जनवादी गणराज्य को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में मानना कानूनी आधार के बिना है और चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल का अनुच्छेद 15(क), जो प्रतिनिधि देश पद्धति के उपयोग की अनुमति देता है, 11 दिसंबर 2016 को समाप्त हो गया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह दावा

लागू कानूनी स्थिति द्वारा समर्थित नहीं है। प्राधिकारी द्वारा सामान्य मूल्य का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के साथ पठित चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) पर आधारित है, जो वर्तमान जांच में कानूनी रूप से लागू पद्धति है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है जो सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए पहली या दूसरी पद्धति को लागू करने का औचित्य साबित करे। प्राधिकारी को इस दावे में कोई सत्यता नहीं दिखाई देती है।

115. लिन्हाई ग्रुप के इस अनुरोध के संबंध में कि असहयोगी असंबंधित व्यापारियों के माध्यम से किए गए निर्यात के हिस्से के लिए उपलब्ध-तथ्यों को लागू करना अनुचित है और इसने पाटन मार्जिन तथा क्षति मार्जिन को कृत्रिम रूप से बढ़ा दिया है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि असहयोगी भाग के लिए उपलब्ध-तथ्यों को लागू करना पाटनरोधी नियमावली के प्रावधानों के अनुसार है। लिन्हाई हुआनान की निर्यात कीमत सहयोगी हिस्से के लिए सत्यापित आकड़ों को असहयोगी हिस्से के लिए उपलब्ध-तथ्यों के आकड़ों के साथ जोड़कर एक भारित औसत के रूप में निर्धारित करती है, जो प्राधिकारी की स्थापित प्रथा के अनुरूप है। प्राधिकारी को इस अनुरोध में कोई तथ्य नहीं दिखाई देता है।

116. इस दावे के संबंध में कि घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंड पर्याप्त सुधार दर्शाते हैं और यह वास्तविक क्षति के निष्कर्ष को खारिज करता है, प्राधिकारी यह दोहराते हैं कि पाटनरोधी नियमावली के तहत क्षति का निर्धारण करने के लिए सभी प्रासंगिक आर्थिक कारकों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। घरेलू उद्योग जांच की अवधि सहित संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान लगातार घाटे में रहा है, पाटित आयातों के कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण प्रभाव के कारण अपनी उत्पादन लागत के अनुरूप कीमत प्राप्त करने में असमर्थ रहा है, और अपनी उत्पादन क्षमता के अनुरूप बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में असमर्थ रहा है। जांच की अवधि में कुछ मात्रात्मक मापदंडों में सुधार, समग्र मूल्यांकन में, वास्तविक क्षति संबंधी निष्कर्ष को निष्प्रभावी नहीं करता है।

117. इस अनुरोध के संबंध में कि कथित पाटित आयातों और घरेलू उद्योग के वित्तीय निष्पादन के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कारणात्मक संबंध विश्लेषण उस कीमत के बीच के संबंध की जांच करता है जिस पर पाटित आयात बाजार में प्रवेश करते हैं और घरेलू उद्योग की कीमत निर्धारण तथा लाभप्रदता की जांच करता है, न कि केवल आयातों की मात्रा के उतार-चढ़ाव की। चीन जनवादी गणराज्य से होने वाले पाटित आयातों का पहुंच मूल्य संपूर्ण क्षति जांच

अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से काफी कम रहा है, जिससे उसे लागत से कम पर बेचने और लगातार घाटा उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पहुंच मूल्य बनाम उत्पादन लागत के अंतर और घरेलू उद्योग के प्रति-इकाई नुकसान के बीच सीधे संबंध को इन अंतिम जॉच परिणाम के संगत पैराग्राफों में सिद्ध किया गया है।

118. इस अनुरोध के संबंध में कि क्षति, यदि कोई हो, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे माल की कीमतों में सुधार, और रूस-यूक्रेन संघर्ष सहित अन्य कारकों के कारण हुई है, प्राधिकारी ने इन अंतिम जॉच परिणाम के संगत पैराग्राफों में एक गैर-आरोपण विश्लेषण किया है और पाटित आयातों के अलावा उन सभी कारकों की जांच की है जो क्षति का कारण बन सकते थे। क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कच्चे माल की कीमतें और आयातों का पहुंच मूल्य एक ही दिशा में बढ़े हैं। तथापि, आयातों का पहुंच मूल्य संपूर्ण अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से काफी कम रहा है। दावा किए गए अन्य कारक यह निष्कर्ष निकालने का कोई आधार प्रदान नहीं करते हैं कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति पाटित आयातों के कारण नहीं हुई है।

119. लिन्हाई ग्रुप के इस अनुरोध के संबंध में कि क्षतिरहित कीमत की गणना के लिए अपनाया गया 22% का आरओसीईई अत्यधिक है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि औसत नियोजित पूंजी पर 22% की कर-पूर्व आय यथा-संशोधित पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के अधीन एक स्थापित प्रथा है, जिसे सभी जांचों में समान रूप से लागू किया जाता है। प्राधिकारी को इस अनुरोध में कोई आधार नहीं दिखता है।

120. इस दलील के संबंध में कि यदि किसी उपाय की सिफारिश की जाती है, तो वह संदर्भ कीमत के रूप में होनी चाहिए, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की कीमतों में देखे गए महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से एक नियत आधार पर शुल्क की सिफारिश करने का अनुरोध किया है। प्राधिकारी ने अपनी सिफारिश पर पहुंचने के लिए उपाय के प्रारूप से संबंधित सभी संगत अनुरोधों पर विचार किया है।

121. जनहित से जुड़े अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी इन अंतिम जॉच परिणाम के संगत पैराग्राफों में दर्ज अपने निष्कर्षों को दोहराते हैं। डाउनस्ट्रीम भेषज प्रयोक्ताओं और अंतिम उपभोक्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव की गणना की गई है और इसे नगण्य पाया गया है। वर्तमान जांच में किसी भी उपयोगकर्ता या आयातक ने भाग नहीं लिया है और डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं पर पड़ने वाले किसी भी महत्वपूर्ण प्रतिकूल

प्रभाव का कोई मात्रात्मक साक्ष्य रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। संबद्ध वस्तुओं का उपयोग करके निर्मित डाउनस्ट्रीम एपीआई भारत सरकार के कीमत नियंत्रण उपायों के अधीन हैं। प्राधिकारी का यह विचार बना हुआ है कि वर्तमान जांच में पाटनरोधी उपाय लागू करना व्यापक जनहित के अनुरूप है, जिसमें एक आवश्यक फार्मास्युटिकल मध्यवर्ती वस्तु के लिए एक व्यवहार्य घरेलू विनिर्माण आधार बनाए रखने का हित भी शामिल है। प्राधिकारी को जनहित के आधार पर शुल्क न लगाने की मांग करने वाले अनुरोधों में कोई योग्यता नहीं दिखती है।

122. सीसीसीएमएचपीआईई की एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पात्रता के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोध के संबंध में, इस प्रश्न पर विचार किया गया है और इन अंतिम जॉच परिणाम के संगत पैराग्राफों में इस पर ध्यान दिया गया है।

123. मांग-आपूर्ति में कोई अंतर न होने के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के अलावा, भारत में संबद्ध वस्तुओं के अन्य उत्पादक भी मौजूद हैं। पाटनरोधी उपाय लागू करने से पाटित आयातों के कारण उत्पन्न हुई कीमत विकृति ठीक होगी और भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बहाल होगी। घरेलू आपूर्ति और मांग के बीच किसी भी अवशिष्ट अंतर को उचित कीमतों पर आने वाले आयातों के माध्यम से पूरा किया जाना जारी रखा जा सकता है।

ठ. <u>निष्कर्ष</u>

124. जैसा कि उपरोक्त निष्कर्षों में दर्ज किया गया है, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए दावों, प्रदान की गई जानकारी, और प्रस्तुत किए गए अनुरोधों तथा प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, और पाटन, क्षति, कारणात्मक संबंध तथा जनहित के उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकारी निम्नलिखित निष्कर्ष निकालते हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद 4-(ब्रोमोमिथाइल)-2'-साइनोबाइफेनिल है, जिसे 'ब्रोमो ओटीबीएन' के रूप में भी जाना जाता है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान वस्तु सभी वास्तविक पहलुओं के संबंध में विचाराधीन उत्पाद के समान या सदृश है।

ii. मेसर्स नियोजेन केमिकल्स लिमिटेड पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग का निर्माण करती है, और यह आवेदन नियम 5(3) के संदर्भ में स्थिति संबंधी मानदंडों को पूरा करता है।

iii. चीन जनवादी गणराज्य के सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक है और न्यूनतम सीमा से काफी अधिक है। चीन जनवादी गणराज्य से होने वाले आयात भारतीय बाजार में अत्यधिक पाटित कीमत पर हुए हैं।

iv. चीन जनवादी गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं का आयात क्षति जांच अवधि के दौरान समग्र रूप में बढ़ा है, जांच की अवधि के दौरान यह अपने उच्चतम स्तर पर था, और भारतीय मांग में एक प्रमुख हिस्सेदारी रखता है।

v. जांच की अवधि में कीमत कटौती ऋणात्मक है। घरेलू उद्योग ने रिकॉर्ड पर ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जो यह दर्शाते हैं कि आयातित कीमतों से मुकाबला करने के लिए ग्राहकों के दबाव के उत्तर में वह अपनी कीमतें कम करने के लिए बाध्य हुआ है। आयातों का पहुंच मूल्य संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से काफी कम रहा है, जिससे कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण की स्थिति उत्पन्न हुई है।

vi. घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। घरेलू उद्योग जांच की अवधि सहित संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान लगातार घाटा उठा रहा है, जिसमें नकद लाभ ऋणात्मक रहा है और नियोजित पूंजी पर आय भी ऋणात्मक रही है। चीन जनवादी गणराज्य के सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक रहा है।

vii. चीन जनवादी गणराज्य से होने वाले पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति के बीच एक कारणात्मक संबंध मौजूद है। प्राधिकारी ने अन्य सभी ज्ञात कारकों की जांच की है जो क्षति का कारण बन सकते थे और यह निष्कर्ष निकाला है कि वे पाटित आयातों और क्षति के बीच के कारणात्मक संबंध को अस्वीकार नहीं करते हैं।

viii. पाटनरोधी शुल्क लगाना व्यापक जनहित के अनुरूप है, जिसमें एक आवश्यक फार्मास्युटिकल मध्यवर्ती वस्तु के लिए एक व्यवहार्य घरेलू विनिर्माण आधार बनाए रखने का हित भी शामिल है, जहां वैश्विक आपूर्ति अत्यधिक संकेंद्रित है।

ड. <u>सिफारिश</u>

125. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित की गई थी तथा घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के पहलू पर सकारात्मक जानकारी

प्रदान करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के संदर्भ में पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध की जांच शुरू करने और संचालित करने के बाद, प्राधिकारी का यह विचार है कि पाटन और क्षति की क्षतिपूर्ति के लिए शुल्क लगाना आवश्यक है। इसलिए, प्राधिकारी यह आवश्यक समझते हैं और चीन जनवादी गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

126. प्राधिकारी द्वारा अपनाए जाने वाले कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन दोनों में से जो भी कम हो, उसके बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं, ताकि घरेलू उद्योग को हो रही क्षति को समाप्त किया जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी चीन जनवादी गणराज्य में मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयात पर, केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए, नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

शुल्क तालिका

क्र.सं.	**एचएस कोड**	**विवरण**	**मूलता का देश**	**निर्यात का देश**	उत्पादक	**राशि**	**इकाई**	**मुद्रा**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	29269000, 29339990, 29332990, 29420090, और 29152990	4 (ब्रोमोमिथाइल)-2'-सायनोबाईफिनाइल (ब्रोमो ओटीबीएन)	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई देश	यानचेंग सिटी डोंगगैंग फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड	5,089	एमटी	अम.डा.
2.	-वही-	-वही-	चीन जन. गण.	चीन जन. गण. सहित कोई देश	लिनहाई हुआनान केमिकल कंपनी लिमिटेड	5,500	एमटी	अम.डा.

गैर-गोपनीय

3.	-वही-	-वही-	चीन जन. गण. सहित कोई देश	चीन जन. गण.	झेजियांग तियानयु फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड	5,440	एमटी	अम.डा.
4.	-वही-	-वही-	चीन जन. गण.	चीन जन. गण.सहित कोई देश	क्र.सं. 1 से 3 के अलावा कोई भी निर्माता	6,305	एमटी	अम.डा.
5.	-वही-	-वही-	चीन जन. गण. के अलावा कोई भी देश	चीन जन. गण.	कोई	6,305	एमटी	अम.डा.

नोट - उपर्युक्त उत्पादकों के लिए विनिर्दिष्ट अलग-अलग शुल्क दरों का अनुप्रयोग सीमा शुल्क अधिकारियों के समक्ष एक वैध वाणिज्यिक बीजक प्रस्तुत करने के अधीन होगा, जिस पर उक्त बीजक जारी करने वाले निर्माता के किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और दिनांकित एक घोषणा अंकित होगी, जिसमें उस अधिकारी का नाम और पदनाम स्पष्ट रूप से उल्लिखित होगा, और जिसका प्रारूप निम्नानुसार होगा:

'मैं, अधोहस्ताक्षरी, यह प्रमाणित करता हूँ कि इस बीजक के अंतर्गत भारत को निर्यात के लिए बेची गई (विचाराधीन उत्पाद) की (मात्रा) का विनिर्माण (उत्पादक का नाम और पता) द्वारा (देश का नाम) में किया गया था। मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि इस बीजक में प्रदान की गई जानकारी पूर्ण और सही है।' यदि ऐसा कोई बीजक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो अन्य सभी उत्पादकों पर लागू होने वाला शुल्क देय होगा। यह अपेक्षा लागू सीमा शुल्क कानून और विनियमों के तहत सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा स्वतंत्र रूप से की जाने वाली सत्यापन प्रक्रियाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगी।"

<u>आगे की प्रक्रिया</u>

127. इस अंतिम जॉच परिणाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम/नियमावली के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जा सकती है।

अमिताभ कुमार
(निर्दिष्ट प्राधिकारी)

Digitally signed by Amitabh Kumar
Date: 23-06-2026 18:03:47